卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्नि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 325 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शनिवार ♦2 सितम्बर 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## सूर्य मिशन पर निकला आदित्य-एल 1

नई दिल्ली (उद संवाददाता): भारत का पहला सूर्य मिशन अपने सफर के लिए रवाना हो चुका है। भारतीय स्पेस एजेंसी इसरो ने शनिवार 11.50 बजे आदित्य एल-1 सैटेलाइट को लॉन्च किया। आंध्र प्रदेश में श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर से देश के पहले सोलर मिशन को लॉन्च किया गया। स्पेस के पांच लैंग्रेज पॉइंट्स में एक पॉइंट-1 पर इसे स्थापित किया जाएगा। इसके लिए सभी तैयारियां कर ली गई है। पीएसएलवी रॉकेट की मदद से आदित्य एल 1 ने अपने डेस्टिनेशन के लिए उड़ान भरी। मिशन की लॉन्चिंग के लिए पीएसएलवी रॉकेट के एक्सएल वर्जन का इस्तेमाल किया गया। सूर्य से कई करोड़ किलोमीटर दूर रहते हुए 'आदित्य'



उसे लगातार निहारेगा। सूर्य के बारे में अधिक से अधिक जानकारी जुटाने की कोशिश होगी। ठीक उसी तरह, जैसे अभी चंद्रयान-3 हमें चंद्रमा के बारे में रोज नई जानकारियां दे रहा है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान (इसरो) को उम्मीद है कि चंद्रयान-3 की तरह आदित्य-एल1 मिशन भी अपने मकसद में पूरी तरह कामयाब होगा। देशवासियों की दुआएं 'आदित्य-एल1' के साथ हैं। इसरो के आदित्य एल 1 मिशन पर इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ एस्ट्रोफिजिक्स की डायरेक्टर अन्नपूर्णी सुब्रमण्यम ने बताया कि सूर्य यान में विजिबल लाइन एमिशन कोरोनाग्राफ (वीईएलसी) इंस्टीट्यूट ने डिजाइन किया है। इससे हर समय पूर्ण सूर्य ग्रहण होगा (शेष पृष्ठ सात पर)

## मसूरी गोलीकाण्ड के शहीदों को किया नमन

मसूरी (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मसूरी गोलीकाण्ड की 29वीं वर्षगांठ पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शहीदों को नमन करते हुए शहीद राज्य आंदोलनकारियों के परिजनों को शॉल पहनाकर सम्मानित किया। बता दें 29 साल पहले दो सितंबर 1994 को हुए गोलीकाण्ड में पुलिस की गोली से छह राज्य आंदोलनकारियों की मौत हो गई थी। इस दर्दनाक घटना को



याद करके एक बार फिर आंदोलनकारियों और शहीदों के परिजनों का दर्द छलक उठा। इस अवसर पर शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि शहीदों के सपनों का उत्तराखंड बनाने की दिशा (शेष पृष्ठ सात पर)

## होटल में चल रहा था देह व्यापार,पांच दबोचे

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। महानगर देह व्यापार का गढ़ बन चुका है। यहां पुलिस व एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग सेल द्वारा आए दिन औचक दबिश में ऐसे कई मामले सामने लाए जा चुके हैं। लेकिन इस पर प्रभावी ढंग से अंकुश नहीं लग पा रहा है। इसी क्रम में गत रात्रि पुलिस की टीम ने रामपुर रोड स्थित एक होटल में औचक छापामारी कर अनैतिक कार्य में लिप्त एक महिला उसके एक ग्राहक और एक दलाल समेत होटल के दो स्टाफ को पकड़ा है। जानकारी के अनुसार



शुक्रवार देर रात स्पेशल ऑपरेशन नितिन लोहनी, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग सेल की इंचार्ज दीपा जोशी और उनकी टीम ने जब छापामारी की तो होटल का मालिक टीम को चकमा देकर मौके से फरार हो गया। जिसकी तलाश की जा रही है। स्पेशल ऑपरेशन सीओ नितिन लोहानी ने बताया कल हल्द्वानी के कई होटलों में चेकिंग की जा रही थी। रामपुर रोड के एक होटल में जब उनकी टीम ने चेकिंग की तो वहां एक कमरे में अनैतिक कार्य में लिप्त महिला के साथ उसका ग्राहक, दलाल और होटल के दो स्टाफ को टीम ने पकड़ा है। जिनके पास से टीम को अनैतिक चीजें (शेष पृष्ठ सात पर)

## मिलावटी पनीर के दो सौदागर दबोचे

### नगर और आस पास के क्षेत्रों में हो रही थी सप्लाई

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पुलिस व एसओजी की टीम ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम लंबाखेड़ा में एक मकान में औचक दबिश देकर मिलावटी पनीर बनाने की फैक्ट्री पकड़ कर मौके से 8 किलो नकली पनीर, 50 किलो नकली दूध व मिल्क पाउडर के 50 पैकेट, वनस्पति के 45 पैकेट व 2 बोतल केमिकल कई उपकरण बरामद कर दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार एसआई उमेश सिंह रजवार साथी पुलिस कर्मियों हेकानि. प्रमोद रावत, कानि. अजय रावत के साथ काशीपुर हाईवे में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान एसओजी प्रभारी एसआई मनोज धोनी ने बताया कि मुखबिर से ग्राम लंबाखेड़ा में एक घर में नकली पनीर व दूध बनाए जाने की सूचना है। जिस पर पुलिस टीम के साथ एसओजी टीम के एस आई मनोज धोनी, हेड कांस्टेबल भुवन पांडे, कांस्टेबल ललित कुमार, गणेश पांडे, नीरज भोज ग्राम लंबाखेड़ा में स्थित एक घर में औचक दबिश दी। जहां दो (शेष पृष्ठ सात पर)



## बरेली से ससुराल आया युवक लापता

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। कृष्णा कालोनी ट्रांजिट कैम्प में बरेली से अपनी



ससुराल आया एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। परिजनों ने उसकी गुमशुदगी की सूचना पुलिस को दे दी है। मोहल्ला जगतपुर पुराना शहर बरेली निवासी प्रेम शंकर पुत्र पूरन लाल ने बताया कि उसके पुत्र विनोद की (शेष पृष्ठ सात पर)

## ट्रेन की चपेट में आकर फैक्ट्री श्रमिक की मौत

काशीपुर(उद संवाददाता)। ट्रेन की चपेट में आकर मौत के मुंह में समाये फैक्ट्री कर्मी की पुलिस ने शिनाख्त कराने के बाद शव का पोस्टमार्टम कराकर उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया। जानकारी के मुताबिक मूल रूप से मुरैना मध्य प्रदेश तथा हाल महुआखेड़ागंज निवासी दिनेश श्रीवास 35 वर्ष पुत्र सूबेदार श्रीवास यहां पिछले कई वर्षों से औद्योगिक आस्थान महुआखेड़ा गंज स्थित मैक्स प्राइड नामक टायर कंपनी के पैकेजिंग डिपार्टमेंट में काम किया करता था। बताया जा रहा है कि मृतक शराब का आदी था। पता चला है कि अलीगंज रोड पर ग्राम गिन्नी खेड़ा के सामने गणपति अपार्टमेंट के ठीक पीछे रेलवे लाइन पर उसका शव क्षत-विक्षत अवस्था में पड़ा पाया गया। पुलिस को जानकारी मिलने पर उसने मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। तमाम मशक्कत के बाद पुलिस ने मृतक की शिनाख्त की। मृतक के एक पुत्र व दो पुत्रियां हैं। आज मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

### संदिग्ध हालातों में श्रमिक की मौत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। लालपुर क्षेत्र में संदिग्ध हालातों में एक श्रमिक की मौत हो गयी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। जानकारी के मुताबिक लालपुर क्षेत्र में पनचक्की के पास एक व्यक्ति नाले में पड़ा मिला। सूचना पर चौकी प्रभारी सतीश चन्द्र शर्मा टीम के साथ मौके पर पहुंचे उन्होंने नाले से उक्त व्यक्ति को निकालकर किच्छा स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की शिनाख्त चालीस वर्षीय मनोज यादव पुत्र श्याम बाबू के रूप में की गयी। (शेष पृष्ठ सात पर)

## व्यापारियों ने खोला निगम प्रशासन के खिलाफ मोर्चा

काशीपुर(उद संवाददाता)। पार्किंग शुल्क में बेतहाशा बढ़ोतरी किए जाने को लेकर व्यापारियों ने नगर निगम के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए धरना प्रदर्शन कर नारेबाजी की। व्यापारियों ने कहा कि निगम प्रशासन पिछले काफी समय से डेवलपमेंट के नाम पर जहां एक ओर जनमानस को गुमराह कर रहा है वहीं दूसरी ओर दूसरे कई तरीके से जनता का आर्थिक दोहन किया जा रहा है। होलिया



प्रकरण यहां पार्किंग शुल्क को लेकर गर्माया है। निगम प्रशासन ने अभी हाल फिलहाल पार्किंग के लिए एक सूची जारी की है जिसमें दो पहिया (शेष पृष्ठ सात पर)

## ...तो,भंग कर दी जाएगी उत्तराखंड विधानसभा ?

### क्या उत्तराखंड पर भारी पड़ेगा मोदी का मास्टर स्ट्रोक? वन नेशन वन इलेक्शन पर कमेटी गठन के बाद चर्चाओं ने पकड़ा जोर, गली- मोहल्लों एवं चौक-चौबारों में लगने लगे कयास

■ अर्श

रूद्रपुर 'मास्टर स्ट्रोक' के 'मास्टर', देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा कुछ बड़ा करने की कोशिश में रहते हैं और अपने फैसलों से अक्सर ही देश को चौका देते हैं। अब देश के प्रधानमंत्री ने 'वन नेशन,वन इलेक्शन' का, एक ऐसा ही मास्टर स्ट्रोक खेल दिया है जो कि आजकल पूरे भारत में चर्चा का विषय बना हुआ है। बताना होगा कि वन नेशन वन इलेक्शन के तहत देश में विधानसभा और लोकसभा के चुनाव एक साथ ही कराए जाएंगे। जाहिर है कि आगामी लोकसभा चुनाव के साथ ही विधानसभा चुनाव कराने की स्थिति में अनेक राज्यों की विधानसभाओं को भंग करना पड़ेगा। ऐसे में उत्तराखंड के विभिन्न छोटे-बड़े शहरों एवं ग्रामीण अंचलों के तमाम गली-मोहल्ले एवं चौक-चौबारों में इस बात की चर्चा खास तौर से हो रही है, कि क्या मोदी का ताजा मास्टर स्ट्रोक उत्तराखंड पर भारी पड़ेगा और वन नेशन वन इलेक्शन विचार के अनुपालन में उत्तराखंड की विधानसभा, आगामी नवंबर दिसंबर माह तक भंग कर दी जाएगी ? इसमें दो राय नहीं कि वन नेशन वन इलेक्शन के विचार को अमली जामा पहनाने में अनेक



व्यवहारिक दिक्कतें हैं और इसे किसी हड़बड़ी में कार्य रूप में परिणित करते हुए विधानसभा एवं लोकसभा के चुनाव ,एक साथ आनन-फानन नहीं कराए जा सकते, लेकिन संसद के मानसून सत्र की समाप्ति के महज 3 सप्ताह बाद ही संसदीय कार्य मंत्री प्रहलाद जोशी द्वारा 18 सितंबर से 22 सितंबर तक संसद का विशेष सत्र आयोजित किए जाने की घोषणा तथा इस घोषणा के तुरंत बाद पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अगुवाई में वन नेशन वन इलेक्शन की परिकल्पना पर विचार करने हेतु विशेषज्ञों की एक समिति गठित किए जाने के बाद, राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा खासा जोर पकड़ चुकी है कि केंद्र सरकार आगामी नवंबर दिसंबर माह में होने वाले पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव के साथ ही लोकसभा का चुनाव भी करा सकती है और इसीलिए संसद का विशेष सत्र आहूत किया गया है। ताकि तमाम जरूरी विधेयक संसद से पारित कराए जा सके। यद्यपि केंद्रीय सत्ता के गलियारे से छनकर आ रही खबरों के मुताबिक सितंबर माह में आहूत संसद के विशेष सत्र में महिलाओं के लिए एक तिहाई अतिरिक्त संसदीय सीट सीट बढ़ाने, पुरानी संसद भवन से नई संसद भवन शिफ्ट होने की औपचारिक घोषणा, यूनिफॉर्म सिविल कोड एवं आरक्षण संबंधी प्रावधान पर संशोधन तथा लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव साथ- (शेष पृष्ठ सात पर)

# पुलिस का बैरियर उड़ाकर फरार तस्कर दबोचा, दो साथियों की तलाश जारी



किच्छा(उद संवाददाता)। पुलिस का बैरियर उड़ाकर, पुलिस कर्मियों पर वाहन चढ़ाने का प्रयास कर फरार हुए तीन लीसा तस्करों में से एक को पुलिस ने हल्द्वानी से गिरफ्तार कर लिया है। जबकि मामले में दो आरोपी अभी फरार है। पुलिस दोनों की तलाश कर रही है। पुलिस के मुताबिक 29 अगस्त 2023 की देर रात्रि इन्डीवर कार व बैगनआर कार ने पुलभट्टा थाने के सामने चैकिग कर रही पुलिस टीम के बैरियर उड़ाते हुए पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से गाडी चढ़ाने का प्रयास किया था। इन्डीवर कार बैरियर तोडने के बाद बहेडी बार्डर पर बने टोल प्लाजा मे रांग साईड से उनके बैरियरो को उडाते हुए बहेडी की ओर भाग गयी थी जबकि पुलभट्टा पुलिस द्वारा बैगरआर कार यूके04एडी -7189 में 24 कनस्तर अवैध लीसा बरामद किया था जबकि नेशनल ढाबे के सामने से कार में सवार व्यक्ति फरार हो गये थे। मामले में उपनिरीक्षक दीपा अधिकारी द्वारा अज्ञात 3 व्यक्तियों के विरूद्ध थाना पुलभट्टा मे अभियोग पंजीकृत कराया गया था। पुलिस टीम द्वारा पकडी गयी कार रवि भट्ट पुत्र हरीश चन्द्र भट्ट निवासी भट्ट बेकरी आर0के0 टेन्ट हाउस रोड कुसुमखेडा मुखानी जनपद नैनीताल के नाम पंजीकृत होना पायी गयी। रवि भट्ट के घर पर दबिश दी गयी तो वह घर पर नहीं था। आरोपियों की गिरफ्तारी व इन्डीवर कार की बरामदगी के लिए एसएसपी के निर्देश पर टीम का गठन किया गया था। मामले में छानबीन करने पर पता चला कि रवि भट्ट मचखाली रानीखेत व उसके आस पास के स्थानों पर वन विभाग से चीड़ के जंगलों को लीसे के दोहन के लिए ठेके पर लेता है तथा विगत 2-3 वर्षो से ठेका ले रहा है। साथ ही चाणक्य ला कालेज रूद्रपुर मे चौथे वर्ष का लॉ का विद्यार्थी है और काफी समय से लीसे के तस्करी मे शामिल है। साक्ष्यो के आधार पर मुकदमे में धारा 307 भा0द0वि0 की वृद्धि की गयी । बीती शाम पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर रवि भट्ट को दबिश देकर हल्द्वानी आर0के टेन्ट हाउस रोड से गिरफ्तार कर लियां पूछताछ मे रवि भट्ट ने बताया कि वह बैगनार संख्य यूके 04एडी -7189 का स्वामी है। 29 अगस्त 2023 को कालीधार निकट चितई मन्दिर अल्मोडा के रहने वाले मनोज आर्या अपने वाहन इन्डीवर कार में 46 कनस्तर अवैध लीसा मजदूरों की मदद से तथा अपने वाहन बैगनार कार में 24 कनस्तर अवैध लीसा अपने साथी रितिक मेहरा पुत्र राजेन्द्र मेहरा निवासी खुटानी थाना भीमताल जो वाहन मे उसके साथ था के साथ वह लोग मचखाली रानीखेत से जंगलों से लीसा निकालकर ला रहे थे। मचखाली रानीखेत से होते हुए खैरना ,गरमपानी, भवाली ,गेठिया,काठगोदाम बाईपास से होते हुए हल्दूचौड लालकुवा से किच्छा से होते हुए आये । दोनों वाहन साथ -साथ आ रहे थे कि पुलभट्टा पर चैकिग के दौरान पुलिस वालो ने हमारे वाहनो को रोकने का प्रयास किया तो उन्होंने टक्कर मारकर पुलिस के बैरियर उडा दिये। आगे चलकर उन्होंने पुलिस के डर से अपनी बैगनार एक ढाबे के बाहर खडी कर दी। और दोनों लोग कार से भाग गये। जबकि साथी मनोज आर्या अपनी इन्डीवर कार लेकर बहेडी की ओर टोल के बैरियर उडाता हुआ भाग गया। पकड़े गये रवि भट्ट ने बताया कि उसका साथी मनोज आर्या लीसे का बहुत बडा तस्कर है जिसकी पहचान बहेडी में किसी लीसा फैक्ट्री में है । अपने साथी तस्करो से कोडवर्ड बॉस-1 बॉस-2 आदि में बात करता है । फैक्ट्री की जानकारी मनोज आर्या को ही है और लीसा पहुंचाने पर मुझे मनोज आर्या ही फैक्ट्री से पैसे लेकर दे देता है। मनोज आर्या के पास जो इन्डीवर गाडी वह उसमें अलग-अलग नम्बर प्लटें बदलता रहता है । पुलिस मामले में फरार चल रहे रितिक मेहरा पुत्र राजेन्द्र मेहरा निवासी खुटानी थाना भीमताल और मनोज आर्या निवासी नई बस्ती कालीधार पेटसाल थाना अल्मोडा जिला अल्मोडा की तलाश कर रही है। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष कमलेश भट्ट, उपनिरीक्षक पवन जोशी, हेड कांस्टेबल फिरोज खान, कांस्टेबल महेन्द्र सिंह, कांस्टेबल चारू पन्त आदि शामिल थे।

# साईबर सेल ने 70.44 लाख के 302 मोबाईल बरामद कर स्वामियों को सौंपे

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। साइबर सेल ने करीब 70लाख रुपए कीमत के खोए हुए 302 मोबाइलों को वापस ढूंढ निकाल उनके स्वामियों को सौंप दिया है। इससे उनके चेहरे पर खुशी देखने को



मिली। एसएसपी ने बताया कि इन मोबाइलों की लोकेशन उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, बिहार, दिल्ली, जम्मू कश्मीर, महाराष्ट्र, झारखंड, पश्चिम बंगाल हैदराबाद,हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के विभिन्न जिलों में मिली थी। इन मोबाइलों की कुल कीमत 70 लाख 44 हजार रुपये थी। अभी तक पुलिस ने जिन मोबाइलों को बरामद किया है, उनमें सैमसंग के 40, रियलमी के 44, रेडमी के 40, ओप्पो के 57, वीवो के 63 नोकिया के 03 मोबाइल समेत अन्य अन्य कंपनी के मोबाइल भी शामिल हैं। एसएसपी ने मोबाइल सेल को पांच हजार का नकद इनाम देने की घोषणा की। उन्होंने आम जनता के खोये हुये मोबाइल फोन को रिकवर करने हेतु एवं त्वरित कार्यवाही करने जनपद स्तर पर गठित मोबाइल एप्प सेल को मोबाईल फोनों को रिकवर करने आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। नितिन लोहनी, क्षेत्राधिकारी ऑप्स हल्द्वानी के पर्यवेक्षण में निरीक्षक हरपाल सिंह प्रभारी, मोबाइल एप्प (साईबर सैल) के नेतृत्व में मुख्य आरक्षी किशन सिंह कुंवर, आरक्षी बलवन्त सिंह बिष्ट म०कानि श्रीमती पूजा चौधरी द्वारा शिकायतकर्ताओं के प्रार्थना पत्रों के आधार पर माह मई 2023 से अब तक की आईएमईआई नम्बरों को प्रभारी एसओजी राजवीर नेगी के माध्यम से सर्विलास में लगाये जाने के उपरान्त जो आईएमईआई का प्रचलन में होना पाया गया। उक्त मोबाइलों को आईएमईआई के आधार पर विभिन्न राज्यों उत्तर प्रदेश, बिहार, दिल्ली, जम्मू कश्मीर, हैदराबाद, झारखण्ड, बिहार व पश्चिम बंगाल, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखण्ड के विभिन्न जनपदों से कुल मोबाइल फोन, मोबाइल एप्प टीम द्वारा विभिन्न कम्पनियों के 302 मोबाईल बरामद किए गए।

# व्यापारियों ने डीएम से की अतिक्रमण के नाम पर उत्पीड़न रोकने की मांग

किच्छा(उद संवाददाता)। प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के नगर पदाधिकारी एवं जिला पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी उदय राज सिंह से भेंट कर अतिक्रमण के नाम पर नगर में व्यापारियों के उत्पीड़न नोटिस दिया हुआ है जबकि नगर के व्यापारी नालियों से अंदर है तथा धूप और बरसात से बचने के लिए दुकानों के आगे टीन शेड डाले हुए हैं जो की अतिक्रमण के दायरे में नहीं है व्यापारियों का कहना रोजगार करने का स्थान ही नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे में एमपी चौक से डीडी चौक तक अतिक्रमण के नाम पर व्यापारियों का उत्पीड़न करना उचित नहीं है जिलाधिकारी को ज्ञापन देने वालों में



पर रोक लगाने की मांग की है। ज्ञापन में व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने कहा है कि नगर में डीडी चौक से लेकर महाराणा चौक तक लोक निर्माण विभाग द्वारा निशान लगा कर व्यापारियों को अतिक्रमित स्थान को खाली करने का है कि पूर्व में भी लोक निर्माण विभाग द्वारा अतिक्रमण के नाम पर एमपी चौक से लेकर काली मंदिर तक व्यापारियों को उजाड़ दिया गया था। जिसकी भरपाई व्यापारी आज तक नहीं कर पा रहे हैं। कई व्यापारी तो अभी भी बेकार बैठे हुए हैं ।जिन्हें मुख्य रूप से जिला महामंत्री निर्मल सिंह हंसपाल, जिला अध्यक्ष राजकुमार भुड्डी, नगर अध्यक्ष किच्छा राजकुमार बजाज, महामंत्री विजय अरोड़ा, कोषाध्यक्ष नितिन फुटेला, जिला कोषाध्यक्ष विनीत जैन, सुनील ठुकराल आदि लोग मौजूद थे।

# राज्य आंदोलनकारियों को सरकारी नौकरी में दस प्रतिशत आरक्षण पर कैबिनेट ने लगाई मुहर

## प्रदेश के विश्वविद्यालयों के लिए अंब्रेला एक्ट को स्वीकृति

देहरादून(उद संवाददाता)। सीएम पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में कैबिनेट मीटिंग में कई अहम फैसले लिए गए। इनमें सबसे अहम फैसला लिया गया कि राज्य आंदोलनकारियों को 10 प्रतिशत आरक्षण विधेयक पर सरकार ने मुहर लगा दी है। इसके साथ ही राज्य के सरकारी विश्वविद्यालयों के लिए अंब्रेला एक्ट बनाने और विधेयक को स्वीकृति भी सरकार ने दे दी है। कैबिनेट बैठक में राज्य के निजी विश्वविद्यालयों के लिए अंब्रेला एक्ट के लिए विधेयक को स्वीकृति के साथ राज्य के विद्यार्थियों को 25 प्रतिशत प्रवेश एवं शुल्क में छूट देने पर भी मुहर लग गई। बैठक में अनुपूरक बजट को मंजूरी मिली। वहीं जीएसटी संशोधन विधेयक को भी मंजूरी मिल गई। बैठक में लोक ऋण विधेयक को स्वीकृति भी दी गई है। इसके साथ ही दैनिक वेतन, आउट सोर्सिंग, संविदा कर्मचारियों को मातृत्व, पितृत्व, बाल्य देखभाल अवकाश को मंजूरी दी गई है। राज्य के निजी विवि की मनमानी पर अब लगाम लगने जा रही है। सभी विवि एक एक्ट से चलेंगे। कैबिनेट ने इन विवि के अंब्रेला एक्ट के विधेयक को मंजूरी दे दी है। विधानसभा में पास होने के बाद यह राजभवन को भेजा जाएगा। निजी विवि अभी तक अपने स्तर से कुलपति का चयन करते आ रहे, लेकिन एक्ट के प्रभावी होने के बाद इनका चयन सर्च कमेटी करेगी, जो यूजीसी के नियमों का पालन करेगी। खास बात ये भी है कि निजी विवि में अब चांसलर का पद नहीं होगा। इसके बजाए राज्यपाल इन विवि के कुलाध्यक्ष होंगे। विवि के चांसलर पद पर आसीन प्रबंधन के अधिकारी अब अध्यक्ष कहलाएंगे। कुलपति के चयन की सर्च कमेटी कुलाध्यक्ष की अध्यक्षता में बनेगी। इसमें विवि का अध्यक्ष, व्यवस्थापक मंडल से दो सदस्य, यूजीसी का सदस्य, सचिव उच्च शिक्षा सदस्य होंगे। निजी विवि में अनिवार्य तौर पर उत्तराखंड मूल के छात्रों का 25 प्रतिशत शुल्क माफ होगा। सभी पाठ्यक्रमों में छात्रों की 25 प्रतिशत सीटें आरक्षित रखी जाएंगी। एक्ट के प्रभावी होने के बाद यह व्यवस्था लागू हो जाएगी। निजी विश्वविद्यालयों में समूह-ग और समूह-घ के सभी पदों पर केवल उत्तराखंड मूल के युवाओं को ही नौकरी देनी होगी। पहली बार इस तरह का नियम लागू होने जा रहा है। मनमानी करने वाले निजी विवि की राज्य सरकार जांच कर सकेगी। जुर्माना व अन्य कार्रवाई कर सकेगी, जो अभी तय होना बाकी है। इससे निजी विवि अपनी मर्जी से नियम विरुद्ध काम नहीं कर सकेंगे। राज्य के करीब छह निजी विवि ऐसे हैं, जिन्हें शुल्क निर्धारण की आजादी नहीं थी। अंब्रेला एक्ट आने के बाद सभी निजी विवि अपना शुल्क पारदर्शी व्यवस्था के तहत तय कर सकेंगे। इस शुल्क की जानकारी उन्हें अपनी वेबसाइट पर देनी होगी। राज्य सरकार की वेबसाइट पर भी शुल्क की जानकारी मुहैया कराई जाएगी।

# कॉर्बेट नेशनल पार्क में अवैध निर्माण व पेड़ों के कटान के मामले में निर्णय सुरक्षित

नैनीताल।(उद संवाददाता) नैनीताल हाईकोर्ट ने कॉर्बेट नेशनल पार्क में हो रहे अवैध निर्माण व पेड़ों के कटान के मामले में दायर जनहित याचिका पर सुनवाई के बाद निर्णय सुरक्षित रख लिया है। इस मामले की मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी एवं न्यायमूर्ति आलोक कुमार वर्मा की खंडपीठ के समक्ष सुनवाई हुई। देहरादून निवासी अनु पंत ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर कर कहा था कि कोर्ट ने एक वर्ष पूर्व पेड़ों के अवैध कटान के बारे में मुख्य सचिव को दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया था कि अभी तक छह हजार पेड़ काटे जा चुके हैं और पांच जांचें हो चुकी हैं, लेकिन दोषियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई। याचिका में कहा गया कि मुख्य सचिव ने अपने शपथपत्र में कहा था कि वे समय-समय पर न्यायालय को कार्यवाही के बारे में अवगत कराते रहेंगे, लेकिन एक वर्ष बीत जाने के बावजूद उनकी ओर से किसी भी तथ्य से कोर्ट को अवगत नहीं कराया गया। कोर्ट ने भी अपने आदेश में स्पष्ट किया था कि कॉर्बेट टाइगर रिजर्व का एक भी वृक्ष नहीं काटा जा सकता लेकिन वर्तमान में फॉरेस्ट सर्वे के अनुसार 6000 से ज्यादा पेड़ काट दिए गए हैं, जो देवभूमि उत्तराखंड के लिए एक काला धब्बा है। विभागाध्यक्ष की ओर से गठित जोशी कमेटी के अनुसार कई अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराया गया है लेकिन इन शीर्ष अधिकारियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई।

# 17 शिक्षकों को मिलेगा शैलेश मटियानी शैक्षिक पुरस्कार

देहरादून(उद संवाददाता)। शिक्षक दिवस (पांच सितंबर) पर राजभवन में 17 शिक्षकों को शैलेश मटियानी राज्य शैक्षिक पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। इसमें प्रारंभिक शिक्षा के 10, माध्यमिक के छह और प्रशिक्षण संस्थान से एक शिक्षक को राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) पुरस्कृत करेंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत भी मौजूद रहेंगे। माध्यमिक शिक्षा निदेशक सीमा जौनसारी के मुताबिक, विभाग की ओर से शैलेश मटियानी राज्य शैक्षिक पुरस्कार 2022 की घोषणा इस साल फरवरी में की गई थी, लेकिन इन पुरस्कारों के लिए चयनित शिक्षकों को पुरस्कृत नहीं किया जा सका था। अब शिक्षक दिवस पर राजभवन में आयोजित समारोह में इन शिक्षकों को पुरस्कृत किया जाएगा। जिसमें प्रारंभिक शिक्षा में पौड़ी जिले से आशा बुडाकोटी, उत्तरकाशी से संजय कुमार कुकसाल, देहरादून से ऊषा गौड़, हरिद्वार से संजय कुमार, टिहरी से उत्तम सिंह राणा, चंपावत से रवीश चंद्र पंचौली, बागेश्वर से सुरेश चंद्र सती, पिथौरागढ़ से गंगा आर्य एवं नैनीताल से डॉ. आशा बिष्ट को सम्मानित किया जाएगा। माध्यमिक शिक्षा में उत्तरकाशी से लोकेंद्रपाल सिंह, देहरादून से संजय कुमार, पिथौरागढ़ से दमयंती चंद, बागेश्वर से त्रिभुवन चंद, अल्मोड़ा से डॉ. प्रभाकर जोशी, ऊधमसिंह नगर से निर्मल कुमार को पुरस्कृत किया जाएगा। इसके अलावा प्रशिक्षण संस्थान से जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान बागेश्वर के प्रवक्ता डॉ. शैलेंद्र सिंह धपोला को सम्मानित किया जाएगा।

# चार सितंबर को होगी विधानमंडल दल के नेताओं की बैठक, पांच से शुरू होगा सत्र

देहरादून। विधानसभा का मानसून सत्र पांच सितंबर से शुरू होने जा रहा है। इस से पहले चार सितंबर को विधानमंडल दल के नेताओं की बैठक होने जा रही है।मानसून सत्र से पहले विधानमंडल दल के नेताओं की बैठक चार सितंबर होने जा रही है। विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन होगा। बैठक चार सितंबर को विधानसभा भवन स्थित स्पीकर के सभा कक्ष में साढ़े चार बजे होगी। विधानसभा के मानसून सत्र में कई अहम विधेयक भी पटल पररखे जायेगे। वहीं सरकार ने विधायकों के पश्नों के उत्तर देने के लिये अधिकारियों को पूर्ण रूप से तैयारी करने के निर्देश दिये है।

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बड़े पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

# शहर की समस्याओं से मेयर को नहीं है कोई सरोकार

## फाइलों में दब कर रह गया डेढ़ करोड़ की लागत से तैयार होने वाला बारात घर, तत्कालीन एमएनए बी डी तिवारी ने की थी घोषणा

काशीपुर(उद संवाददाता)। नगर निगम की कार्यप्रणाली पर इन दिनों तमाम प्रश्न चिन्ह लग रहे हैं। जलभराव व सड़कों की बदहाल हालत को लेकर विपक्षी दल इतने सक्रिय नहीं हैं जितना कि भाजपा नेता। पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा और अन्य भाजपा नेता समय समय पर निगम को घेरते नजर आ रहे हैं। यही नहीं सीधे सीधे नगर निगम की लापरवाही को उजागर कर रहे हैं। लगभग चार वर्ष पूर्व नगर निगम की ओर से जसपुर खुर्द क्षेत्र में एक बारात घर बनाने की घोषणा हुई थी। तत्कालीन एम एन ए बंशीधर तिवारी (अब सूचना महानिदेशक) एक घोषणा नगर निगम की ओर से की थी। जिसमें कहा गया था कि जसपुर खुर्द क्षेत्र में नगर निगम की 10 हजार स्क्वायर फुट की जमीन पर एक बारात घर बनेगा। बारात घर डेढ़ करोड़ की लागत से बनना था। और एक वर्ष में यह तैयार हो जायेगा। लेकिन उनके स्थानांतरण के बाद बारात घर की यह योजना ठंडे बस्ते में चली गई। मेयर का कहना है कि ऐसा कोई प्रस्ताव उनके संज्ञान में नहीं है। सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी ने बताया कि उस समय यह योजना बनी थी। अब इस योजना का क्या हुआ यह उनकी जानकारी में नहीं है। बारात घर जो प्रस्तावित था उसमें पांच छह सौ लोगों के बैठने की व्यवस्था के साथ ही इसमें एक किचन, एक बड़ा हॉल, दूल्हा- दुल्हन के कमरे सहित पांच कमरे बनाए जाने थे। 14 वें वित्त आयोग के बजट से इसका निर्माण होना था। इसे काफी किफायती दर पर लोगों को दिया जाएगा। ताकि हर वर्ग के लोगों को इसका लाभ मिल सके। बता दें कि शहर में जितने मैरेज हॉल व वेडिग हॉल हैं वह काफी महंगे है। नगर निगम का हॉल बनने के बाद लोगों को काफी सुविधा मिलेगी और जश्न के लिए जगह भी खूब मिलेगी।

# अंडर 14 फुटबाल उत्तराखंड टीम में आध्या अरोरा का हुआ चयन

गदरपुर(उद संवाददाता)। आध्या अरोरा का सब जूनियर केटेगरी उत्तराखंड फुटबॉल टीम में चयन हुआ है वह आगामी 3 सितंबर से 13 सितंबर तक अमृतसर में होने जा रही नेशनल चौंपियनशिप में अंडर 14 के सदस्य के रूप में भाग लेंगी गदरपुर वासियों ने आध्या अरोड़ा के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें बधाई दी है प्राप्त जानकारी के अनुसार आध्या अरोड़ा कांग्रेस कमेटी के नगर अध्यक्ष सिद्धार्थ भुसरी की बेटी है उन्होंने बताया की उनकी बेटी रुद्रपुर के एमेनिटी पब्लिक स्कूल में शिक्षा ग्रहण कर रही है जिन्होंने सुबह शाम कड़ी मेहनत के बल पर उन्होंने टीम में अपनी जगह बनाई है वही आध्या अरोड़ा के फुटबॉल एसोसिएशन उत्तराखंड की टीम में चयन होने पर शोसल मीडिया के माध्यम से भी अनेको सुभकामनाएं मिली वही आध्या अरोड़ा ने भी उनके प्रतिभा को निखारने में सहयोग करने वाले अपने परिजन शहर के समाजसेवी और अपने कोच और शिक्षकों का आभार व्यक्त किया है।



आवश्यकता है
बैंक ऑफ बड़ौदा एवं एचडीएफसी बैंक के कलैक्शन हेतु जसपुर, काशीपुर, बाजपुर, गदरपुर, रूद्रपुर, सितारगंज, खटीमा, टनकपुर आदि के लिए युवकों की। जिसके पास स्वयं का वाहन हो।
शैक्षिक योग्यता-: न्यूनतम इंटरमीडिएट
बायोडाटा तथा समस्त शैक्षिक प्रमाणपत्र के साथ सम्पर्क करें।
Meerut Collection Center B-38 Adarsh Calony Near Balaji Mandir Rudrapur
Mo.9756290004,7668534391,8057772107

आवश्यकता है
एक हेल्पर की
ऑफिस कार्य हेतु।
वेतन योग्यतानुसार
-:सम्पर्क करें:-
9897064707

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
05944-246817

## नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मैंने अपना नाम रोशनी खुराना से बदलकर कनिका खुग्घर रख लिया है। भविष्य में मुझे कनिका खुग्घर के नाम से जाना व पहचाना जाए।

कनिका खुग्घर पत्नी श्री सतीश खुग्घर, निवासी-बी-07, एलायंस किंग्सटन एस्टेट, रूद्रपुर, उधम सिंह नगर, उत्तराखंड

## नामांतरण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गृहकर अभिलेखानुसार वार्ड नं0 07 में क्रमांक 175 पर श्री कृष्ण लाल पुत्र श्री वसन्दा राम का नाम अंकित है। जो कि उत्तरजीवी प्रमाण पत्र के आधार पर विरासतन में श्रीमती प्रकाश रानी पत्नी स्व० कृष्ण लाल योगेश कुमार, विमल कुमार पुत्र स्व0 कृष्ण लाल का नाम गृहकर अभिलेखो में नामान्तरण करने के लिये अनुरोध किया गया है। जो कि उत्तरजीवी प्रमाण पत्र के आधार पर श्रीमती प्रकाश रानी पत्नी स्व० कृष्ण लाल, योगेश कुमार, विमल कुमार पुत्र स्वव कृष्ण लाल निवासी वार्ड नं0 07 गदरपुर के नाम से गृहकर अभिलेखों में नामान्तरण करने के लिये प्रस्तावित है। उपरोक्त नामान्तरण में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 30 दिन के भीतर अपनी लिखित आपत्ति पालिका कार्यालय में मय साक्ष्यों सहित प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद- मियाद आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। विवाद की दशा में सक्षम न्यायालय का आदेश मान्य होगा।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, गदरपुर ( उधम सिंह नगर )**

# वाहन चोरों ने उड़ाई तीन मोटर साईकिलें

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अज्ञात वाहन चोरों ने अलग अलग स्थानों से तीन मोटरसाईकिलें चोरी कर लीं। घटनाओं की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में अरून सरकार पुत्र हरी कृष्ण सरकार निवासी आई ब्लॉक, ट्राजिट कैम्प वार्ड 3 ने कहा है कि 13 अगस्त को सुबह उसने अपनी मोटर साईकिल संख्या यूके 06 एपी 2941को घर के बाहर लॉक लगाकर खड़ा किया था। दोपहर वह बाहर आया तो उसकी मोटर साईकिल मौजूदा स्थान पर नहीं थी। जोकि अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गयी है। वहीं नंद किशोर पुत्र उदल सिह हाल निवासी वार्ड 13 रूद्रपुर ने कहा है कि 28 अगस्त को दोपहर रोज की तरह वह काम करने के लिये सिडकुल स्थित टीवीएस श्री चक्रा कंपनी मे गया था। उसने कंपनी के गेट के बाहर अपनी मोटरसाईकिल संख्या यूके 06एएस 1969 को लॉक लगाकर पार्क कर दी थी। रात्रि 11बजे जब वह कंपनी के बाहर आकर देखा तो उसकी मोटरसाइकिल उक्त स्थान पर नही थीं। जिसे कुछ अज्ञात चोरो द्वारी चोरी कर लिया गया है।इधर वाहन चोरी के एक अन्य मामले में चन्द्रपाल राठौर पुत्र खेमकरन लाल राठौर, निवासी शास्त्री नगर, वार्ड 12, गंगापुर रोड, रूद्रपुर, ने दर्ज रपट में कहा है कि वह सिडकुल स्थित रेडीयन्ट पॉलीमर्स लि. में कार्यरत है। 27 अगस्त को प्रातः वह कम्पनी में अपने कार्य पर आया हुआ था। उसकी मोटरसाईकिल संख्या यूके 06 ए एक्स 3673 कम्पनी की पार्किंग एरिया में खड़ी थी। जबसायं 6 बजे कार्य उपरान्त कम्पनी से बाहर आया तो उसकी मोटर साईकिल वहां मौजूद नहीं थी। जिसे कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी करके ले गया है। पुलिस ने वाहन चोरी की तीनों घटनाओं की रपट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# मलवा आने से अवरूद्ध मार्ग का डीएम ने किया निरीक्षण

अल्मोड़ा(उद संवाददाता) जिलाधिकारी विनीत तोमर ने हल्द्वानी अल्मोड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग 87 पर क्वारब पुल के पास प्रातः भारी मात्रा में मलबा आने से



अवरूद्ध मार्ग का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी यातायात हेतु मार्ग को खोलने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये उन्होंने निर्देश दिये कि भारी वाहनों को एक साथ पुल से न भेजा जाय एकएक कर वाहनों का आवागमन किया जाय। उन्होंने पुल के दोंनो तरह से सुरक्षा कर्मिक तैनात करने के निर्देश दिये उन्होंने कहा कि अल्मोड़ा से आने-जाने वाले वाहनों को यातायात हेतु खैरना रानीखेत, खुटानी-शहर फाटक मोतीया पाथर लमगड़ा होते हुये भेजा जाये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि मलबा हटाने समय पूर्ण सावधानी बरती जाय। इस दौरान सहायक अभियन्ता राष्ट्रीय राजमार्ग हल्द्वानी जेकेपाण्डे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# मानव समाज के लिए अभिशाप हैं वृद्धाश्रम:आचार्य चन्द्रदेव

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। स्थानीय आर्यसमाज में चल रहे वेदप्रचार व विश्वकल्याण यज्ञ के तीसरे दिन प्रातः कालीन सत्र में फर्रुखाबाद से पधारे आचार्य चन्द्रदेव जी महाराज ने कहा कि मानव समाज की व्यवस्था बनाने के लिए चार आश्रम व चार वर्ण निश्चित किये थे। व्यक्तिगत जीवन का प्रबन्धन - ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ एवं संन्यास आश्रम के माध्यम से किया गया था। जिसमें प्रत्येक आश्रम 25 -25 वर्ष का था और उनके कर्तव्य अलग अलग थे। उन्होंने कहा कि सर्वप्रथम विद्या पढ़ने व कठोर तपस्या के साथ वेद-वेदाङ्गों का अध्ययन करना आवश्यक था। उसके पश्चात गृहस्थ में विद्या का उपयोग करके सुखी जीवन जीना। तत्पश्चात 50 वर्ष की आयु में आने पर आत्मिक उन्नति को प्राथमिकता देते हुए सांसारिक कार्यों से वैराग्य लेकर शिक्षा व उपदेश प्रारम्भ करना ही कर्तव्य




हो जाता था। चतुर्थ आश्रम संन्यास था जिसमें पूर्ण वैराग्य के साथ घूम घूम कर समाज को बुराइयों से दूर करने के लिए परिव्राजक बनना कर्तव्य था। जब से यह व्यवस्थित आश्रम व्यवस्था छिन्न भिन्न हुई तबसे वृद्ध जनों का अनादर प्रारम्भ हुआ और आज इन चार आश्रमों को त्यागने के कारण श्वृद्धाश्रमश बनने लगे। ये वृद्धाश्रम मानव समाज के लिए अभिशाप हैं क्योंकि जो संतानें माता-पिता की सेवा व सम्मान नहीं कर रहीं वे वृद्ध जन इन वृद्धाश्रमों में रहने को विवश हैं। वहाँ निराशा व हताशा का वातावरण बनता है। आचार्य जी ने कहा कि पुनः उसी आश्रम व्यवस्था को अपनाने की आवश्यकता है। प्रात:काल यज्ञ के यजमान डॉ विनय खुल्लर, ममता खुल्लर, ढाल कुमारी, सोबरन शर्मा, रविकान्त माहेश्वरी, मुकेश खन्ना रहे। कार्यक्रम में मधुर भजनों की स्वरलहरी पण्डित मोहित शास्त्री व सुरेन्द्र आर्य ने प्रवाहित की। कार्यक्रम का संचालन धर्माचार्य विनोद आर्य ने किया। इस अवसर पर प्रमोद बक्शी, विजयकुमार शर्मा, भुवन अधिकारी, अनुज कान्त खंडेलवाल, जितेन्द्र साहनी, कृष्णा देवी, अविनाश, उपमा सेठी, राजकुमार राजौरिया व सन्तोष भट्ट आदि उपस्थित रहे।

# लाठीचार्ज के विरोध में अधिवक्ताओं का प्रदर्शन

रूद्रपुर/किच्छा(उद संवाददाता)। पुलिस द्वारा हापुड़ में वकीलों पर किए गए लाठी चार्ज और मुकदमे दर्ज करने के विरोध में जिला न्यायालय में बार एसोसिएशन के बैनरतले अधिवक्ता हड़ताल पर रहे। अधिवक्ताओं ने न्यायालय परिसर में जोरदार नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया और दोषी पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई की पुरजोर मांग की। हापुड़ काण्ड के विरोध में अधिवक्ताओं ने बार एसोसिएशन के बैनरतले सुबह से ही कार्यबहिष्कार कर दिया। अधिवक्ताओं की हड़ताल के चलते वादकारियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। विरोध प्रदर्शन करते हुए अधिवक्ताओं ने हापुड़ काण्ड की कड़ी निन्दा की और दोषियों पर कार्रवाई की पुरजोर मांग की। अधिवक्ताओं ने कहा कि लोकतंत्र में पुलिस का यह व्यवहार सहन नहीं किया जा सकता।







किच्छा- यहां भी अधिवक्ताओं ने हापुड़ काण्ड के विरोध में हड़ताल करते हुए प्रदर्शन किया। अधिवक्ताओं का कहना था कि हापुड़ क्षेत्राधिकारी द्वारा अधिवक्ताओं पर किए गए लाठी चार्ज मे सबसे ज्यादा महिला अधिवक्ताओं को चोटिल होना पड़ा। हापुड़ पुलिस द्वारा महिलाओं को निर्दयता से पीटा गया जो निंदनीय है। अधिवक्ताओं ने कहा कि जब तक दोषी पुलिसकर्मियों को बर्खास्त नहीं कर दिया जाता है तब तक हापुड़ पुलिस के खिलाफ अधिवक्ताओं का आंदोलन जारी रहेगा। इस अवसर पर अधिवक्ता सुएब मलिक ने बताया कि हापुड़ में जिस तरीके से क्षेत्राधिकारी द्वारा शांतिपूर्ण रूप से प्रदर्शन कर रहे अधिवक्ताओं पर लाठी चार्ज किया गया वह निंदनीय है। उन्होंने कहा कि आज नगर क्षेत्र में स्थित सभी न्यायिक कार्य वकीलों द्वारा पूरे दिन नहीं किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि हापुड़ कांड को लेकर नैनीताल में बार काउंसिल की बैठक बुलाई गई है जिसमें पुलिस द्वारा अधिवक्ताओं पर लगातार मुकदमे दर्ज करना बिना कारण लाठी चार्ज करना तथा विभिन्न प्रकार के पुलिसिया उत्पीड़न के विरुद्ध ठोस रणनीति तय की जाएगी उन्होंने बताया कि आज का धरना बार के उपाध्यक्ष मुकेश मिश्रा के नेतृत्व में किया गया है जो आगे भी जारी रहेगा। कार्य बहिष्कार और धरने में अधिवक्ता मुकेश मिश्रा, स्वयं मलिक, मनोज सिंह, अखलाक मलिक, जसवंत सिंह, सुरेश सागर, जुल्फिकार अहमद, जावेद कुरेशी सहित तमाम अधिवक्ता गण मौजूद थे।

# कुमांऊ के लिए गेम चेंजर साबित होगा एयरपोर्ट विस्तारीकरणः दीपक रावत

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। एयरपोर्ट विस्तारीकरण से बड़ी फ्लाइट्स कुमाऊँ क्षेत्र में पर्यटन के लिए गैम चेंजर साबित होंगी। यह बात मण्डलायुक्त दीपक रावत ने जिला कार्यालय सभागार में पन्तनगर एयरपोर्ट विस्तारीकरण के सम्बन्ध में बैठक लेते गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि पर्यटन गतिविधियों के साथ ही सैलानियों को राज्य की संस्कृतिक एवं आध्यात्मिक संस्कृति से भी आसानी से रूबरू होने का अवसर मिलेगा। समीक्षा के दौरान मण्डलायुक्त ने निर्देश दिये कि जिस स्तर पर जो भी इसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां एवं औपचारिकताएं पूर्ण कर ली जायें ताकि कार्य शुरू होने पर एनएच निर्माण में विलम्ब न हो। मण्डलायुक्त ने तैयार प्रस्ताव के अलावा 10 प्रतिशत अतिरिक्त भूमि चिन्हित कर, रिजर्व रखने के निर्देश दिये ताकि



हुए कही। मण्डलायुक्त ने कहा कि एयरपोर्ट विस्तारीकरण के बाद बड़ी फ्लाइट्स के कारण देश-विदेश के पर्यटक आसानी से कुमाऊं भ्रमण कर सकेंगे, जिससे मण्डल में पर्यटन कार्यवाही शेष है, उसे तत्काल पूरा कर लिया जाये। उन्होंने परियोजना निदेशक एनएएआई को निर्देश दिये कि प्रस्तावित एनएच निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार का विलम्ब न हो, आवश्यकता पड़ने पर तत्काल भूमि का प्रबन्ध किया जा सके। बैठक में जिलाधिकारी उदयराज सिंह तथा एसडीएम मनीष बिष्ट ने एयरपोर्ट विस्तारीकरण हेतु तैयार कार्य योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बैठक में जिलाधिकारी उदयराज सिंह, मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, अपर जिलाधिकारी जय भारत सिंह, उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, गौरव पाण्डे, पीडी एनएचएआई विकास मित्तल सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# जोशीमठ भू-धंसाव के मामले में मुख्य सचिव को हाईकोर्ट में पेश होने के निर्देश

नैनीताल(उद संवाददाता)। जोशीमठ में भू धंसाव मामले में पूर्व में दिए गए आदेश को गंभीरता से नहीं लेने पर हाईकोर्ट ने मुख्य सचिव को व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में पेश होने के आदेश दिए हैं। मामले की अगली सुनवाई 22 सितंबर को होगी। मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी एवं न्यायमूर्ति आलोक कुमार वर्मा की खंडपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई। कोर्ट ने जनवरी 2023 में सरकार को निर्देश दिए थे कि इसकी जांच के लिए सरकार इंडिपेंडेंट एक्सपर्ट सदस्यों की कमेटी गठित करेगी जिसमें पीयूष रौतेला और एमपीएस बिष्ट भी होंगे। सरकार ने अभी तक कमेटी गठित नहीं की और ना ही किसी एक्सपर्ट से सलाह ली। पीसी तिवारी ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर कर कहा था कि प्रदेश सरकार जनता की समस्या को नजरंदाज कर रही है। उनके पुनर्वास के लिए रणनीति तैयार नहीं की गई है। किसी भी समय जोशीमठ का इलाका तबाह हो सकता है। प्रशासन ने करीब ऐसे छह सौ भवनों की चिह्नित किया है जिनमें दरारें आईं हैं। ये दरारें दिन प्रतिदिन बढ़ती ही जा रहीं हैं। याचिका में कहा कि 1976 में मिश्रा कमेटी ने जोशीमठ को लेकर विस्तृत रिपोर्ट सरकार को दी थी जिसमें कहा गया था कि जोशीमठ शहर मिट्टी व रेत कंकड़ से बना है। यहां कोई मजबूत चट्टान नहीं है। कभी भी भू धंसाव हो सकता है। निर्माण कार्य करने से पहले इसकी जांच की जानी आवश्यक है। जोशीमठ के लोगों को जंगल पर निर्भर नहीं होना चाहिए। उन्हें वैकल्पिक ऊर्जा के साधनों की व्यवस्था भी करनी चाहिए। 25 नवंबर 2010 को पीयूष रौतेला व एमपीएस बिष्ट ने एक शोध जारी कर कहा था कि सेलंग के पास एनटीपीसी टनल का निर्माण कर रही है जो अति संवेदनशील क्षेत्र है। टनल बनाते वक्त एनटीपीसी की टीबीएम फंस गई जिसकी वजह से पानी का मार्ग अवरुद्ध हो गया और सात सौ से आठ सौ लीटर प्रति सेकेंड के हिसाब से पानी ऊपर बहने लगा। यह पानी इतना अधिक बह रहा था कि इससे प्रतिदिन 2 से 3 लाख लोगों की प्यास बुझाई जा सकती है। याचिका में कहा गया था कि राज्य सरकार के पास आपदा से निपटने की सभी तैयारियां अधूरी हैं और सरकार के पास अब तक कोई ऐसा सिस्टम नहीं है जो आपदा आने से पहले उसकी सूचना दे। वहीं उत्तराखंड में 5600 मीटर की ऊंचाई वाले क्षेत्रों में मौसम का पूर्वानुमान लगाने वाले यंत्र नहीं हैं और उत्तराखंड के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में रिमोट सेंसिंग इंस्टीट्यूट अभी तक काम नहीं कर रहे हैं। इससे बादल फटने जैसी घटनाओं की जानकारी नहीं मिल पाती। हाइड्रो प्रोजेक्ट टीम के कर्मचारियों की सुरक्षा का कोई इंतजाम नहीं है। कर्मचारियों को केवल सुरक्षा के नाम पर हेलमेट दिए गए हैं। कर्मचारियों को आपदा से निपटने के लिए कोई ट्रेनिंग तक नहीं दी गई।

# हिमालय बचाने का लिया संकल्प

नैनीताल (उद संवाददाता)।डीएसबी परिसर में हिमालय बचाओ अभियान के अंतर्गत प्रतिज्ञा कराई गई ।पंतनगर विश्वविद्यालय की पूर्व डीन प्रो उमा मेलकानिया ने हिमालय बचाओ की प्रतिज्ञा कराई कि हम सब मिलकर हिमालय को संरक्षित रखेंगे ।एलिमनी सेल के कार्यक्रम प्रो उमा मेलकानिया तथा प्रो वाई एस रावत ने तिमिल का पौधा लगाकर प्रकृति के संरक्षण में योग



दान किया ।कार्य क्रम में शोध निदेशक प्रो ललित तिवारी ,प्रो आशीष तिवारी ,प्रो सुषमा टम्टा ,प्रो नीलू लोधियाल , डॉक्टर महेश आर्य ,प्रो एल एस लोधियाल ,डॉक्टर कपिल खुलबे,डॉक्टर नवीन पांडे ,डॉक्टर हेम जोशी ,डॉक्टर प्रभा पंत ,डॉक्टर इरा तिवारी , दिशा ,वसुंधरा , चारू वर्तिका ,अर्चना ,अर्चना ,निर्मला ,आरिफ ,सहबाज सहित अन्य छात्र छात्राएं शामिल रही।




# ग्राम कोलड़ा में अवैध रूप से विकसित हो रही दो कॉलोनियों को नोटिस जारी

रुद्रपुर। क्षेत्र में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनियों पर जिला विकास प्राधिकरण की ओर से कार्रवाई जारी है। जिला विकास प्राधिकरण की टीम ने ग्राम कोलड़ा में अवैध रूप से विकसित हो रही दो कॉलोनियों को नोटिस जारी किया है। प्राधिकरण उपाध्यक्ष हरीश कांडपाल ने बताया कि कोलड़ा गांव में एक-एक एकड़ की दो कॉलोनियों को विकसित करने की तैयारी की जा रही है। दोनों कॉलोनियों में सीमांकन किया गया था। दोनों कॉलोनियों को विकसित करने वालों को नोटिस जारी किया गया है। इसके साथ ही बिंदुखेड़ा सहित शहर के विभिन्न जगहों पर बिना नक्शे के भवन निर्माण करने पर छह लोगों को नोटिस जारी किया गया है।

# विधायक शिव अरोरा ने किया रासलीला का शुभारम्भ

किच्छा (उद संवाददाता)।सनातन धर्म सभा के तत्वाधान में पुरानी गल्ला मंडी स्थित रामलीला मंच पर श्री कृष्ण जन्माष्टमी की अवसर पर कृष्ण रासलीला का भव्य आयोजन का शुभारंभ रुद्रपुर विधायक शिव अरोड़ा द्वारा फीता काट कर किया गया। पूर्व अरोड़ा उपस्थित रहे सर्वप्रथम उन्होंने फीता काटकर रासलीला का प्रारंभ करते हुए गणेश पूजा की तथा इसके उपरांत राधा कान्हा के बाल रूप को भोग लगाकर मिष्ठान खिलाया। नगर के उद्योगपति सुदर्शन ठुकराल द्वारा इस अवसर पर नारियल फोड़ कर कार्यक्रम श्री कृष्ण ने मानव जाति के लिए जो संदेश संसार को दिया वह आज भी विद्यमान है यही नहीं उनके द्वारा दिए गए संदेश पर चलकर मानव अपने जीवन को सफल बना रहा है ।उन्होंने कहा कि सनातन धर्म ने कभी भी किसी का अहित नहीं किया क्योंकि सनातन धर्म का एक सूत्र सक्सेना, श्रीकांत राठौर ,डॉक्टर एके गुप्ता, विवेक दीप सिंह, राजकुमार तनेजा, देवेंद्र सेठिया, नीरज नागपाल, राजेश गोयल, भूषण बंसल, हर्ष तनेजा, राजकुमार तनेजा, श्याम सुंदर लाटी ,सनातन धर्म सभा के अध्यक्ष सुदेश कक्कड़, सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे





निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सनातन धर्म सभा द्वारा पुरानी गल्ला मंडी में स्थित रामलीला मंच पर 1 सितंबर से कृष्णा रासलीला का आयोजन निर्धारित किया गया था। जिसमें मुख्य अतिथि तौर पर बीजेपी के रुद्रपुर विधायक शिव को सुचारू रूप से संपन्न होने की भगवान गणेश व श्री कृष्ण से प्रार्थना की। इस अवसर पर विधायक शिव अरोड़ा ने कहा कि सनातन धर्म अपने अंदर विश्व हित की मनोकामना को लेकर आदिकाल से ही चलता आ रहा है नियम है वसुधैव कुटुंबकम। उन्होंने कहा कि वर्तमान में सनातन धर्म ही संसार को एक सूत्र में बांध सकता है। इस अवसर पर मुख्य रूप से विधायक शिव अरोड़ा के अलावा और उद्योगपति संजीव खन्ना, ब्लॉक प्रमुख पति विपिन जल्होत्रा, राजीव मंच का संचालन नगर के तेज तर्रार नेता एवम सनातन हिंदू धर्म सभा के कार्यकर्ता सुभाष तनेजा द्वारा किया गया उन्होंने बताया कि 4 सितंबर को नगर में भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी तथा 8 सितंबर को भव्य भंडारा आयोजित किया जाएगा।

# मजबूत लोकतंत्र के लिए मतदान जरूरी

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। एसबीएस राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रुद्रपुर में मतदाता जागरूकता अभियान के अन्तर्गत कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्वीप (सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता) कार्यक्रम द्वारा छात्र छात्राओं को मतदान के महत्व और उसकी उपयोगिता के बारे में जानकारी दी गई। इस मतदाता जागरूकता अभियान का शुभारंभ उधम सिंह नगर जनपद के मुख्य शिक्षा अधिकारी रमेश चन्द्र आर्या ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डी. सी. पंत ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे डॉ. नरेश कुमार ने स्वीप कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डी. सी. पंत ने छात्र- छात्राओं, एनसीसी कैडेटों, एनएसएस स्वयंसेवी तथा रोवर्स एवं रेंजर्स के छात्र-छात्राओं का आह्वान किया कि वे मताधिकार के महत्व को समझते हुए 18 वर्ष पूर्ण कर चुके सभी विद्यार्थी अपना वोटर कार्ड बनाएं ताकि वोटिंग प्रतिशत को बढ़ाकर सही जनप्रतिनिधि का चुनाव हो सके। डॉ. डी. सी. पंत ने बताया कि देश में जागरूक करने, मतदान के महत्व को समझाने तथा वोटर आईडी कार्ड बनाने का वृहत अभियान भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाया गया। जिसके परिणाम सकारात्मक रहे हैं तथा मतदान कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि मुख्य शिक्षा अधिकारी रमेश चंद्र आर्या ने स्वीप कार्यक्रम के बारे में निर्वाचन आयोग द्वारा उठाए गए कदमों तथा शिक्षा विभाग के नेतृत्व में स्वीप कार्यक्रम के उत्साही और सकारात्मक परिणाम की जानकारी दी। उन्होंने आह्वान किया कि सभी को अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए ताकि एक सही नेतृत्व प्रदान करने वाले जनप्रतिनिधि को चुना जा सके। कार्यक्रम की संयोजक तथा



1955 से 2009 तक औसतन 55 से 60 प्रतिशत तक ही मतदान हुआ है।मतदान प्रतिशत कम होने के कारण वर्ष 2009 में स्वीप कार्यक्रम की शुरूआत की गई।जिसके अंतर्गत मतदाताओं को प्रतिशत में वृद्धि देखने को मिली है। वर्ष 2019 के लोकसभा 91.2 लाख नागरिकों ने अपने मताधिकार का उपयोग किया इस चुनाव में 67 प्रतिशत मतदान किया गया। इसी को देखते हुए इस स्वीप कैंपस एंबेसेडर डॉ आशा राणा ने स्वीप कार्यक्रम की जानकारी दी तथा मुख्य अतिथि का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में डॉ. पी एन तिवारी, डॉ. मनोज कुमार पांडे उपस्थित रहे।

# यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई के दिए निर्देश

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। सड़क सुरक्षा समिति की बैठक जिलाधिकारी रीना जोशी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने पुलिस, परिवहन, लोक निर्माण विभाग, पीएमजीएसवाई, स्वास्थ्य, एनएच, नगर निकाय व आपदा प्रबंधन आदि संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ सड़क सुरक्षा से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की और सड़क सुरक्षा को लेकर किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की साथ ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने एआरटीओ को निर्देश दिये कि तेज रफ्तार व शराब पीकर वाहन चलाने वालों के लाइसेंस निरस्त किये जाये। उन्होंने वाहन सड़क किनारे व्यवस्थित ढंग से व उचित स्थान पर खड़े न करने पर चालान करने की कार्यवाही के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने पुलिस एवं परिवहन विभाग के अधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित कर दो पहिया वाहनों पर उच्च गुणवत्ता का हेलमेट का उपयोग करने और चौपहिया वाहनों में सीट बेल्ट का उपयोग न करने वालों के चालान करने की कार्यवाही करने तथा सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए व्यापक जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि यदि किसी वाहन चालक द्वारा बार-बार यातायात नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है तो उसके वाहन को सीज करने के साथ ही वाहन चालक के ड्राइविंग लाइसेंस को निरस्त करें। इसके अतिरिक्त उन्होंने एआरटीओ को निर्देश दिए कि जनपद अंतर्गत स्कूलों में बच्चों के लिए लगी बसों और बसों में लगे कैमरों का समय समय पर निरीक्षण करे। बैठक में पुलिस अधीक्षक लोकेश्वर सिंह, एआरटीओ केसी पलड़िया, एसई लोक निर्माण विभाग एबी कांडपाल, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी भूपेंद्र मेहर, जिला माध्यमिक शिक्षा अधिकारी हवलदार प्रसाद, ईओ नगर पालिका परिषद राजदेव जायसी व टैक्सी यूनियन पिथौरागढ़ आदि सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# नैनीताल में मां नंदादेवी महोत्सव 20 सितम्बर से

## नंदा महोत्सव 2023 का पोस्टर तथा कैलेंडर जारी, 27 को होगा डोला भ्रमण व वसर्जन

नैनीताल(उद संवाददाता)। श्री राम सेवक सभा द्वारा आयोजित किए जाने वाले श्री नंदा देवी महोत्सव 2023 की तैयारियों को लेकर श्री राम सेवक भवन मातृ शक्ति की बैठक संम्पन्न हुई बैठक में 121 वें श्री नंदा महोत्सव 2023 का पोस्टर तथा कैलेंडर जारी किया गया। बैठक में जीवंती भट्ट ,तुलसी कठायत, सरस्वती खेतवाल ,जया पालीवाल ,सभासद तारा राणा ,मंजू रौतेला नए विचार रखे। 20 सितम्बर उदघाटन, 21 को कदली वृक्ष नगर भ्रमण , 22 को मूर्ति निर्माण, 23 को मूर्ति स्थापना, 24 को दुर्गा सप्तशती एवं महाभण्डारा , 25 बैठक में भव्य महोत्सव मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक गिरीश जोशी ,मुकेश जोशी, अशोक साह ,बिमल चौधरी, राजेंद्र लाल साह ,मुकुल जोशी ,घनश्याम साह ,डॉ रेखा त्रिवेदी, मंजू बिष्ट ,वंदना पांडे ,हेमा कांडपाल, रानी सह ,दीपिका बिनवाल ,रमा भट्ट बैठक सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही। बैठक में तय हुआ कि सभी श्रद्धालुओं के सहयोग से उत्तराखंड की संस्कृति के वाहक श्री नंदा महोत्सव 2023 को भव्यता के साथ मिल जुलकर आयोजित किया जाएगा। इसे अंतरराष्ट्रीय धरोहर यूनिसको में शामिल





कैलेंडर में वर्ष भर के कार्यक्रम बताए गए है। बैठक की अध्यक्षता मनोज साह, संचालन महासचिव जगदीश बवाड़ी तथा प्रो. ललित तिवारी ने किया द्वारा किया गया। महासचिव ने सभी शहर वासियों व श्रद्धालुओं को 20 सितंबर से आयोजित होने वाले श्री नंदा देवी महोत्सव की पूर्ण जानकारी दी। को नंदा चालीसा व दीप दान, 26 को सुंदरकांड एवं 27 को डोला भ्रमण एवं मूर्ति विसर्जन किया जाएगा। बैठक में तय हुआ कि पूर्व की तरह सूखाताल में कदली वृक्ष का स्वागत होगा तथा कदली नगर भ्रमण वैष्णव देवी मंदिर से 2बजे शुरु होगा। इस बार महोत्सव में स्थानीय महिलाए झोड़ा करेंगी। ,कविता गंगोला,सुनीता वर्मा ,रेशमा टंडन ,ज्योति ढौंडियाल ,तारा बोरा,राधा पांडे ,भुवन बिष्ट ,ललित साह ,हरीश राणा ,दीप्ति बोरा ,चंचला बिष्ट ,नीमा मिस्र ,कमला कुंजवाल ,,अमिता साह ,मीनू बुदलाकोटी ,लीला राज ,लता मेहरा ,सावित्री सनवाल , कांता,मंजू कांडपाल ,संगीता अग्रवाल ,बबली गोस्वामी करने के लिए पूर्ण प्रयास किया जाएगा। प्लास्टिक पर पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा, कूड़े के निस्तारण का समुचित प्रबंधन किया जाएगा। वहीं श्री राम सेवक सभा द्वारा 4 सितंबर को सांय 5 बजे से श्री कृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर श्री कृष्ण लीला का मंचन का भव्य आयोजन श्री राम सेवक सभा में किया जाएगा।

# दूसरों के कर्तव्य पालन की चिंता न कर अपने कर्तव्य का पालन करें : चैतन्यपुरी

गढीनेगी (उद संवाददाता)। श्री हरि कृपा पीठाधीश्वर एवं संत स्वामी श्री हरि चैतन्य पुरी जी महाराज ने यहां श्री हरि कृपा धाम आश्रम में उपस्थित विशाल भक्त समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि बुद्धिमान व्यक्ति कुछ भी बोलने, कार्य करने, संबंध बनाने व व्यवहार करने से पूर्व विचार करता है। उसे सफलता मिलती है लेकिन मूर्ख व्यक्ति बाद में विचार करता है। उसे पश्चाताप ग्लानि व उपहास का पात्र बनना पड़ता है। अपने विवेक को सदैव जागृत रखें। माता पिता, गुरुजनों, शास्त्र , संस्कृति के प्रति श्रद्धा व आदर भाव रखने को कहा। हम माता पिता, संतों, गुरुओं, शास्त्रों, ग्रंथों व अवतारों को माने। विभिन्न मतों, संप्रदायों में उपासना पद्धति चाहे अलग अलग हो लेकिन उद्देश्य सभी का एक ही है। अपने दिव्य ओजस्वी प्रवचनों में उन्होंने कहा कि मानव पर जगत व जगतपति दोनों का अधिकार है। लेकिन मानव का इन पर अधिकार मानना अज्ञानता है। दूसरों को नुकसान पहुंचाने वाले का अपना ही नुकसान होता है। यदि दूसरा हमें नुकसान पहुंचाए तो हमें बचाव की स्थिति अपनाएं, आक्रमक दृष्टि ना होने दें। क्षमाशील बनें, क्षमा तो वीरों का आभूषण है। कामनाओं से बढ़कर दूसरा कोई शत्रु नहीं।आग्रह, दुराग्रह, संग्रह, परिग्रह, निग्रह इन पांचों ग्रहों के रहते प्रभु का अनुग्रह नहीं मिलता। इन पांचों से स्वयं विचारपूर्वक मुक्त हो सकते हैं अन्य साधनों से नहीं। दूसरों के कर्तव्य पालन की चिंता ना कर के अपने कर्तव्य का पालन करें। दूसरों के बारे में सोचना ही है तो सर्वहितकारी चिंतन करें कि किसी के जीवन में अशांति वेदना दुख ना रहे। इस वर्ष 7 सितंबर को श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के पावन अवसर पर श्री हरि कृपा धाम आश्रम गढीनेगी में रात्रि 8 बजे से 12 बजे तक विराट धर्म सम्मेलन का आयोजन होगा। जिसमे हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुँचेंगे।



# पार्षद पुत्र पर दो लाख की लूट व मारपीट का मुकदमा दर्ज

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नगर निगम पार्षद के पुत्र व उसका दो साथियों के खिलाफ तहरीर के आधार पर पुलिस ने लाखों की लूट तथा मारपीट कर धमकी देने मुकदमा दर्ज किया है। बनभूलपुरा थाना पुलिस द्वारा मारपीट, गाली गलौच और लूटपाट के मामले में नगर निगम के पार्षद लईक कुरैशी के पुत्र पर मुकदमा दर्ज किया गया है। एसओ बनभूलपुरा नीरज भाकुनी ने बताया गौलापार के रहने वाले सुरेश थुवाल ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि कल वह अपने भतीजे मोहित थुवाल के साथ रोडवेज चौराहे के पास गुजर रहा था तभी थोड़ी दूर आगे जाने पर दूसरी ओर से तीन लड़के आए और उनकी कार को घेरा लिया। फिर उनके साथ मारपीट की। उनके साथ गाली गलौच और मारपीट करने वालों में समद कुरैशी पुत्र लाइक कुरैशी, राहिल कुरैशी पुत्र नवाब खान, अफजल पुत्र अमजद शामिल थे। सुरेश थुवाल का आरोप है कि उनकी गाड़ी में रखें 2 लाख रुपए भी हमलावारों द्वारा लूट लिया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने इस संबंध में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# वर्षगांठ पर मेयर ने किया बीमा सप्ताह कार्यक्रम का शुभारंभ

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भारतीय जीवन बीमा निगम के रूद्रपुर कार्यालय में निगम की 67 वीं वर्षगांठ हर्षोल्लास पूर्वक मनाई गई। इस मौके पर बीमा सप्ताह का प्रारम्भ किया गया। जिसका शुभारंभ महापौर रामपाल सिंह द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। उन्होंने बताया कि आज ही के दिन वर्ष 1956 में तत्कालीन सरकार द्वारा भारतीय जीवन बीमा को राष्ट्रीयकृत किया गया था। तब से आज तक निगम के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण आर्थिक योगदान देकर इतिहास रच दिया है। शाखा कार्यालय द्वारा सप्ताह कार्यक्रम के दौरान पालिसी




धारकों का सम्मान, वृक्षारोपण, स्कूली बच्चो की प्रतियोगिताएं, मेडिकल केम्प, अभिकर्ता सम्मान सहित कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर वरिष्ठ शाखा प्रबंधक अजय कुमार ने मुख्य अतिथि महापौर रामपाल सिंह का स्वागत कर आभार व्यक्त किया। शाखा के कर्मिकों ने रंगारंग रंगोली एवं साज सज्जा करके बीमा सप्ताह को भव्य बना दिया। इस अवसर पर सहायक शाखा प्रबंधक योगेंद्र मेहरा, प्रशासनिक अधिकारी डीएस धानक, एलपी गौतम, हीमा नेगी, उप प्रबंधक दीपक पुनेठा, केसी कांडपाल, विनय सक्सेना, विकास अधिकारी जगप्रीत सिंह, आरसी कोहली, उपदेश सक्सेना, विपिन त्रिपाठी, राहुल मिश्रा, अजय सक्सेना, जीवन जोशी, प्रियंका, पूनम, राजेन्द्र सिंह, नैनी गोपाल आदि उपस्थित रहे।



## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## मणिपुर में हिंसाग्रस्त हालात

मणिपुर में हिंसा की ताजा घटनाओं में छह लोगों के मारे जाने और कई अन्य के घायल हो जाने से साफ है कि तमाम कवायदों के बावजूद सरकार वहां शांति स्थापित कर पाने में नाकाम है। वहां हिंसा शुरू हुए करीब चार महीने हो गए हैं और इस बीच पुलिस से लेकर सेना तक का सहारा लेकर टकराव में शामिल गुटों को काबू में करने की कोशिशें जारी हैं। मगर आज भी वहां जैसे हालात हैं, उसके मद्देनजर सरकार को कुछ ठोस कदम उठाने की जरूरत है। गौरतलब है कि मणिपुर में गुरुवार को चुराचांदपुर-बिष्णुपुर सीमा पर दो गुटों की गोलीबारी में छह लोगों की मौत हो गई। चुराचांदपुर कुकी-जोमी बहुल इलाका है और बिष्णुपुर में ज्यादातर आबादी मैतेई समुदाय की है। ताजा संघर्ष में मारे गए लोगों में वहां के एक लोकप्रिय गीतकार की भी जान चली गई। मंगलवार से अब तक गोलीबारी में कुल नौ लोग मारे जा चुके हैं। इन घटनाओं के बाद एक रिवायत की तरह पुलिस की ओर से फिर यही कहा गया है कि हिंसाग्रस्त इलाकों में तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। सवाल है कि इतने लंबे संघर्ष और इसमें शामिल समूहों के चिह्नित होने के बावजूद सरकार और प्रशासन हिंसा और अराजकता को रोकने के मामले में क्यों लाचार दिख रही है। विडंबना है कि इस मसले पर सुप्रीम कोर्ट सरकार को हिदायत दे चुका है कि वह हिंसा पर लगाम लगाने और शांति कायम करने के लिए ठोस कदम उठाए, जरूरी कार्रवाई करे। उसकी तरफ से गठित निगरानी समिति मणिपुर में काम शुरू कर चुकी है। मगर इससे अफसोसनाक और क्या होगा कि इसके बावजूद वहां के कई इलाके अब भी अशांत हैं। हालांकि राज्य सरकार स्थिति को नियंत्रण में कर लेने का भरोसा जता रही है, लेकिन पिछले कई महीने से जैसी घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं, उससे साफ है कि हिंसा को रोक पाने में वहां की पुलिस व्यापक पैमाने पर नाकाम साबित हुई है। यह बेवजह नहीं है कि जिन इलाकों में मैतेई और कुकी समुदायों के बीच टकराव अधिक था और उससे निपटना एक जटिल चुनौती थी, वहां हालात पर काबू पाने के लिए सेना को भी उतारा गया। पर ऐसा लगता है कि इस समस्या से उपजी चिंता गहराती जा रही है। बीती मई की शुरुआत में मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति वर्ग में शामिल करने के मसले पर शुरू हुए विरोध के बाद हिंसा भड़क गई और उसका दायरा फैलता चला गया। मैतेई और कुकी समुदायों के बीच संघर्ष में लगभग दो सौ लोगों की जान जा चुकी है और सैकड़ों घायल हुए हैं। इससे निपटने के लिए केंद्र सरकार की ओर से शांति समिति का भी गठन किया गया था। मगर अब भी दोनों समुदायों के बीच हिंसा को रोक पाना संभव क्यों नहीं हो सका है। दूसरी ओर, यह स्थिति भी पैदा हुई कि कुकी समुदाय की ओर से अपनी उपेक्षा को कारण बताते हुए स्वायत्त प्रशासन की मांग उठाई गई। सवाल है कि हिंसा शुरू होने के मूल कारणों पर गौर करना और उसे सुलझाने के लिए कोई रास्ता निकालना सरकार को क्यों जरूरी नहीं लग रहा है। फिलहाल सबसे प्राथमिक कदम यह होना चाहिए कि सरकार हिंसा और टकराव को रोकने के साथ ही इसमें शामिल पक्षों से बातचीत का हर संभव कदम उठाए।

# सुनवाई के दौरान बिगड़ी पुलकित आर्य की तबीयत

**फॉरेंसिक मोबाइल यूनिट की प्रभारी एसआई संध्या नेगी और फॉरेस्ट चेक पोस्ट में तैनात रहे वनकर्मी के बयान दर्ज, पुलकित के साथ स्कूटी पर बैठी थी अंकिता**

कोटद्वार(उद संवाददाता)। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश रीना नेगी की अदालत में शुक्रवार को पुलिस की फॉरेंसिक मोबाइल यूनिट की प्रभारी एसआई संध्या नेगी और पशुलोक बैराज के फॉरेस्ट चेक पोस्ट में तैनात रहे वनकर्मी आशीष पुरोहित ने अपने बयान दर्ज कराए। दोनों ने एसआईटी के समक्ष पूर्व में दिए गए बयान दोहराए। एसआई ने बताया कि उसने अंकिता के कमरे और सामान का निरीक्षण किया, लेकिन मौके पर किसी तरह के चांस फिंगर प्रिंट नहीं मिले। उधर, दूसरे गवाह वन कर्मी ने घटना के दिन स्कूटी चला रहे पुलकित आर्य की पहचान की। बताया कि स्कूटी के पीछे एक लड़की बैठी हुई थी। स्कूटी के पीछे मोटरसाइकिल पर दो युवक सवार थे। पूछताछ के दौरान उन्होंने पास के गांव कौड़िया जाने की बात बताई थी। महिला उपनिरीक्षक संध्या नेगी ने बताया कि 23 सितंबर को वह फॉरेंसिक टीम के साथ वनंतरा रिजार्ट पहुंचीं। वहां अंकिता भंडारी के कमरे का गहनता से निरीक्षण किया। कमरे में एक बैग था, जिसमें मृतका के कपड़े थे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कमरे से चांस फिंगर प्रिंट लेने का प्रयास किया, लेकिन कमरे में कोई चांस फिंगर प्रिंट नहीं मिला। उन्होंने मुख्य आरोपी पुलकित आर्य के कमरे का भी निरीक्षण किया। कमरे में रखे टेबल पर एक सिमकार्ड और डेबिट कार्ड भी मिला। इसके अलावा अन्य डेबिड कार्ड, आधार कार्ड व स्वदेशी आयुर्वेद के कई कार्डों के साथ मोबाइल खरीद का एक बिल भी बरामद हुआ। मोबाइल 19 सिंतबर, 2022 को खरीदा गया था। उपनिरीक्षक ने अदालत में अपने हस्ताक्षरों की शिनाख्त की। अदालत में उनके द्वारा सील किए गए लिफाफे भी खोले गए। बचाव पक्ष के अधिवक्ता अनुज पुंडीर व जितेंद्र सिंह रावत ने उनसे सवाल जवाब किए। दूसरे गवाह आशीष पुरोहित ने अदालत में बताया कि वह वन विभाग में मोटरसाइकिल पर सवार होकर दो युवक आए थे। उन्होंने भी स्कूटी सवार वालों के साथ ही जाने की बात बताई। वनकर्मी ने इस दौरान अदालत में मौजूद रहे पुलकित की ओर से इस हत्याकांड में 97 गवाह बनाए गए हैं। अब तक 17 लोगों की गवाही हो चुकी है। अगली सुनवाई आठ सितंबर को होगी। वहीं शुक्रवार को





संविदा कर्मचारी के रूप में पशुलोक बैराज चेक पोस्ट पर तैनात हैं। 18 सिंतबर 2022 को वह सुबह 7:45 बजे से रात के 10:45 बजे तक ड्यूटी पर थे। उस दिन रात करीब 9:00 बजे एक स्कूटी रोकी थी। स्कूटी पर एक व्यक्ति के पीछे एक लड़की बैठी थी। पूछताछ के दौरान उन्होंने कौड़िया गांव जाने की बात बताई। इस पर उन्हें जाने दिया गया। उनके पीछे-पीछे ही आर्य की शिनाख्त की। बताया कि घटना के दिन वह स्कूटी चला रहा था और उसके पीछे लड़की बैठी हुई थी। इस दौरान चेकपोस्ट की सीसीटीवी फुटेज में ये लोग आधे घंटे पहले 8:30 बजे एम्स की ओर जाते हुए दिखाई दिए थे। शुक्रवार को गवाही के दौरान अदालत में तीनों हत्यारोपी पुलकित आर्य, सौरभ भास्कर और अंकित गुप्ता हाजिर रहे। एसआईटी अंकिता हत्याकांड की सुनवाई के दौरान मुख्य आरोपी पुलकित आर्य की तबीयत अचानक बिगड़ गई। उसने उल्टियां होने और चक्कर आने की शिकायत की। इस पर अदालत ने उसे उपचार के लिए बेस अस्पताल भिजवाया। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच पुलकित का बेस अस्पताल में उपचार कराया गया और फिर अदालत में पेश किया गया।

# मैं आपको विश्वास दिलाती हूं, विकास के सपनों को पूर्ण करूंगी : पार्वती दास

बागेश्वर(उद संवाददाता)। भाजपा प्रत्याशी श्रीमती पार्वती दास ने क्षेत्रवासियों से जनसम्पर्क कर भावुक अपील करते हुए कहा कि मैं आपको विश्वास दिलाती हूं कि मैं स्व. चंदन राम दास के देखे गए सपनों को पूर्ण करूंगी। मेरा प्रयास ग्रामीण क्षेत्रों का समग्र विकास प्रथमिकता में रहेगा। स्व. दास ने बागेश्वर के विकास के लिए अनेक योजनाएं बनाई थी जिन्हें अब मैं आप सभी के सहयोग से आगे बढ़ाऊंगी। विधानसभा उपचुनाव के तहत ग्रामीण मण्डल के ग्रामसभा मनकोट, छाती एवं कलनाबैंड जनसम्पर्क कर आगामी 5 सितम्बर को कमल के फूल के सामने बटन दबाकर भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान करने की अपील की। प्रचार अभियान के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती बसंती देव, उपचुनाव सह सयोंजक वरिष्ठ नेता श्री सुबोध साह, वरिष्ठ नेता श्री रघुवीर दफौटी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्री भूपेश उपाध्याय, जिला पंचायत सदस्य श्री मदन राम, जिला कार्यसमिति सदस्य खड़क दफौटी, क्षेत्र पंचायत सदस्य आनंद तिवाड़ी, पंकज दफौटी, प्रवासी कार्यकर्ता दिनेश धानिक, नंदन बाफिला, सुरेश जोशी, कुदंन कनवाल, पुष्कर दफौटी, सहित भारतीय जनता पार्टी के देवतुल्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता एवं सम्मानित जनता उपस्थित रही। व हीं विध ानसभा उपचुनाव के तहत दफौट क्षेत्र के ग्रामसभा भिड़ी, गुरना कुलरंगचौड़ा, बंगचुड़ी एवं जेठाई जनसम्पर्क कर आगामी 5 सितम्बर को कमल के फूल के सामने बटन दबाकर भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्व. दास ने बागेश्वर के विकास के लिए अनेक योजनाएं बनाई थी जिन्हें अब मैं आप सभी के सहयोग से आगे बढ़ाऊंगी।



# जनसभाओं में भीड़ उमड़ने से कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह

**कई जनसभाओं में पैदल पहुंचकर हरदा ने बनाया माहौल**

बागेश्वर(उद संवाददाता)। बागेश्वर उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी बसंत कुमार के समर्थन में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सीएम हरीश रावत ने पूरी ताकत झोंक दी है। चुनाव प्रचार के दौरान हरदा कई जनसभाओं में पारम्परिक बाध्य यंत्रों की धुन पर पैदल पहुंचकर कांग्रेस के पक्ष में मतदान की अपील कर रहे है जबकि जनसभाओं में भीड़ उमड़ने से कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह दिख रहा है। पूर्व सीएम हरदा विभिन्न मुद्दों एवं ठप पड़े हुए विकास कार्यों को लेकर भी सरकार के खिलाफ तीखे सवाल दाग रहे है। पूर्व सीएम हरीश रावत व अन्य कांग्रेस नेताओं ने विधानसभा बागेश्वर के चौगांवछीना, काफलीगैर और मंडलशेरा क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी बसंत कुमार के समर्थन में जनसभा व जनसंपर्क किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र वासियों से कांग्रेस के पक्ष में मतदान कर बसंत कुमार को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। वहीं देर सायं पूर्व सीएम हरीश रावत ने मंडलशेरा बागेश्वर में विशाल जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन महारा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोविंद सिंह कुंजवाल, मदन बिष्ट विधायक द्वाराहाट, भगवानपुर की विधायक श्रीमती ममता राकेश आदि लोग सम्मिलित रहे।




**ARCHIDPLY INDUSTRIES LIMITED**
(CIN: L85110UR1995PLC008627)
Regd. Office: Plot No. 7, Sector - 9, Integrated Industrial Estates, SIDCUL, Pant Nagar, Udham Singh Nagar, Rudrapur , Uttarakhand, 263153, Phone: 05944-250270, Fax: 05944-250269
Cor. Office: 2/9, 1st floor, W.H.S. Kirti Nagar, New Delhi - 110015
Phone: 011-45642555, Website: www.archidply.com, Email: cs@archidply.com

**Notice of AGM, E-voting and Book Closure**

Notice is hereby given that the Twenty Eighth (28th) Annual General Meeting (AGM) of the Members of Archidply Industries Limited will be held on Thursday, September 28, 2023 at 11:30 A.M. at its registered office at Plot No. 7, Sector - 9, Integrated Industrial Estates, SIDCUL, Pant Nagar, Udham Singh Nagar, Rudrapur, Uttarakhand, 263153 to transact the business as specified in AGM Notice.
Notice is also hereby given that pursuant to section 91 of the Companies Act, 2013 and the Companies (Management & Administration) Rules, 2014, as amended from time to time, the register of members and share transfer books of the company shall remain closed from 22nd of September, 2023 to Thursday, 28th of September, 2023 (both days inclusive) for the purpose of aforesaid AGM.
Notice of the 28th AGM along with the Annual Report 2022-23 is sent by electronic mode to those members whose email addresses are registered with the company/depositories and physical copies are Dispatched to the members whose email addresses are not available with the company/depositories.
In terms of section 108 of the Companies Act, 2013 read with Rule 20 of Companies (Management and Administration) Rules, 2014 and Regulation 44 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations 2015, as amended from time to time, the company is pleased to provide its members the facility to cast their vote electronically, through the e-voting services provided by Central Depository Services (India) Limited (CDSL) on all resolutions proposed to be considered at the aforesaid AGM.
Further, the facility for voting through Poll/Ballot Paper shall be made available at the AGM and the Members attending the Meeting who have not cast their vote by remote e-voting shall be able to exercise their right to vote at the Meeting through Poll/ Ballot Paper. The facility for voting by electronic voting system shall not be made available at the AGM of the Company.
Mr. Rajneesh Sharma, Proprietor of M/s Rajneesh Sharma and Co, Company Secretaries has been appointed as Scrutinizer to scrutinize the e-voting and remote e-voting process and the e-voting at AGM in fair and transparent manner.
All the members are hereby informed that:
i. The Ordinary and special business as set out in the Notice of 28th AGM of the company may be transected through voting by electronic means and through poll/Ballot paper at AGM;
ii. The remote e-voting period commences on Monday, 25th September, 2023 (10:00 a.m.) (1ST) and end on Wednesday, 27th September, 2023 (5:00 p.m.) (1ST).
iii. Cut-off date is Thursday, 21st September, 2023.
iv. Persons who acquire and becomes shareholder of the Company after the dispatch of the Notice of AGM and holding shares as of the cut-off date i.e. Thursday, 21st September, 2023 can do remote e-voting by obtaining the login ID and password by sending an email to helpdesk.evoting@cdslindia.com or call on 022-23058542/43 by mentioning their Folio No./DP ID no. However, if such shareholder is already registered with the [RTA/DP] for remote e-voting then existing user ID and password can be used for casting vote.
v. The members may note that:
  a. Remote e-voting shall not be allowed beyond Wednesday, 27th September, 2023 (05:00 p.m. IST)
  b. The facility for voting through e-voting shall not be made available at the AGM of the Company and members attending the AGM who have not already casted their vote by remote e-voting shall be able to vote at the AGM through Poll/Ballot at the AGM.
  c. A member may participate at the AGM even after exercising his right to vote through remote e-voting but shall not be allowed to vote again
  d. A person whose name is recorded in the register of member or in the register of beneficial owners maintained by the depositories as on the cut-off date i.e. Thursday, 21st September, 2023 only shall be entitled to avail the facility of remote e-voting .
vi. The notice of 28th AGM of the Company is available on the Company's website (www.archidply.com) and CDSL's website (www.evotingindia.com); and
vii. In case of any queries before or during the AGM, you may refer to the Frequently Asked Questions (FAQs) for Members and e-voting user manual available at the www.evotingindia.com, under help section or write an email to helpdesk.evoting@cdslindia.com or contact Mr. Nitin Kunder (022- 23058738) or Mr. Mehboob Lakhani (022-23058543) or Mr. Rakesh Dalvi (022-23058542).
viii. For detailed instructions pertaining to e-voting, members may please refer to the section "Notes" in the Notice of the Annual General Meeting.

For Archidply Industries Limited
Sd/-
Atul Krishna Pandey
Company Secretary

Place: Delhi
Date: 01.09.2023

# पांच सितंबर को ईवीएम में कैद होगा पांच प्रत्याशियों का भाग्य

## बागेश्वर उपचुनाव में प्रचार हुआ तेज,पार्वती दास और बसंत कुमार मतदाताओं की चौखट पर पहुंचकर कर रहे मतदान की अपील

बागेश्वर(उद ब्यूरो)। उपचुनाव को लेकर चुनाव प्रचार अंतिम चरण में पहुंच चुका है। वहीं आगामी पांच सितंबर को मतदान कर जनता अपने अपने प्रत्याशी के भाग्य का फैसला करेगी। इधर सत्तासीन भाजपा प्रत्याशी एवं पूर्व केबिनेट मंत्री स्व.चंदन राम दास की पत्नी श्रीमती पार्वती दास के समर्थन में सांसद अजय टम्टा, कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य, सौरभ बहुगुणा सहित भाजपा के चुनाव प्रचार में जुटे हुए हैं। भाजपा जहां सरकार की योजनाओं और विकास कार्यों के मुद्दे पर लोगों से वोट देने की अपील कर रही है वहीं कांग्रेस प्रत्याशी अपने पक्ष में मतदान की अपील कर भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों देवी को उम्मीदवार बनाया है। पार्वती देवी दास इस सीट से पूर्व विधायक चंदन राम दास की पत्नी हैं। चंदन राम दास का अप्रैल महीने में निधन हो गया था। वहीं कांग्रेसकी तरफ से मैदान में बसंत कुमार है। इसके अलावा एसपी पार्वती देवी के पास कुल 2,96,34,695 करोड़ की संपत्ति है. आपराधिक मामला नहीं है और 12वीं तक पढ़ाई की है। भागवती प्रसाद, समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार हैं। उनके पास 21,74,000 लाख की संपत्ति है. एक भी आपराधि





तमाम बड़े नेताओं व कार्यकर्ताओं ने गांव गांव जाकर जनसम्पर्क कर भाजपा के पक्ष में भारी मतदान की अपील कर रहे हैं वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस प्रत्याशी बसंत कुमार के समर्थन में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने कई दिनों से जनपद में डेरा डाला हुआ हैं। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ,नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, गोविंद सिंह कुंजवाल सहित अन्य स्थानीय नेताओं ने ताबड़तोड़ के खिलाफ जमकर प्रहार कर रहे है। बहरहाल उपुचनाव में यूकेडी, सपा व अन्य प्रत्याशियों ने भी चुनाव प्रचार तेज कर जनसम्पर्क शुरू कर दिया है। जबकि कांग्रेस और भाजपा प्रत्याशी के बीच ही सीधा मुकाबला होने से जनपद में राजनितिक माहौल गरमाया हुआ है। उत्तराखंड के बागेश्वर विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए कुल पांच प्रत्याशी मैदन में हैं। बीजेपी ने पार्वती से भागवती प्रसाद और उत्तराखंड क्रांति दल से अर्जन कुमार देव जबकि उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी से भागवत कोहली चुनाव लड़ रहे है। प्रत्याशियों की संपत्ति, क्रिमिनल रिकॉर्ड और एजुकेशन की जानकारी अनुसार कांग्रेस प्रत्याशी बसंत कुमार के पास कुल 12,80,60,000 करोड़ रुपये की संपत्ति है। कोई आपराधिक मामला दर्ज नहीं है. ग्रेजुएट प्रोफेशनल हैं। बीजेपी प्रत्याशी क मामला नहीं है। 12वीं तक पढ़ाई की है। उत्तराखंड क्रांति दल से अर्जन कुमार देव प्रत्याशी हैं और इनके पास 8,45,000 लाख की संपत्ति है। कोई आपराधिक मामला दर्ज नहीं है और ग्रेजुएट हैं। भागवत कोहली, उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी से प्रत्याशी हैं। इनके पास 54,700 हजार की संपत्ति है। कोई आपराधिक मामला दर्ज नहीं हैं। 8वीं तक पढ़ाई की है।

## कांग्रेस प्रत्याशी की प्रचार सामग्री और कैश जब्त किया

बागेश्वर(उद संवाददाता)। बागेश्वर विधानसभा में उपचुनाव के बीच बागेश्वर पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए कांग्रेस प्रत्याशी की प्रचार सामग्री को जब्त कर लिया है। पुलिस को भारी मात्रा में कैश बरामद हुआ है। इसके साथ ही कांग्रेस की प्रचार सामग्री भी बरामद हुई है। बागेश्वर उपचुनाव से ठीक पहले पुलिस ने कांग्रेस पार्टी की प्रचार सामग्री के साथ ही भारी मात्रा में कैश बरामद हुआ है। बता दें कि चेकिंग के दौरान पुलिस के हाथ ये कामयाबी लगी है। बागेश्वर पुलिस अध ीक्षक के आदेशानुसार थाना बैजनाथ क्षेत्र में एसओजी टीम की सूचना पर निर्वाचन



ड्यूटी के मद्देनजर चेकिंग टीम और थाना बैजनाथ के कर्मियों द्वारा थाना बैजनाथ गेट पर वाहन संख्या यूके 06 बीएफ 8777 महेंद्रा एक्सयूवी 300 को रुकवाकर चैक किया गया। वाहन को चेक करने के दौरान पुलिस को वाहन में 183,850 रुपए कैश और कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी से सम्बंधित प्रचार सामग्री मिली।मिली जानकारी के मुताबिक वाहन चालक मुकेश चन्द्र पुत्र हरीश चंद्र निवासी ग्राम भुमका पोस्ट नाई खनश्यू जिला नैनीताल द्वारा अपनी कार में कुल 183,850 रुपये व कॉंग्रेस पार्टी व प्रत्याशी से सम्बंधित प्रचार सामग्री को ले जाया जा रहा था। इस सम्बन्ध में वो मौके पर कोई भी वैध प्रमाण व दस्तावेज उपलब्ध नहीं करा पाया। चुनाव आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन के दृष्टिगत उक्त धनराशि मय प्रचार सामग्री को नियमानुसार जब्त कर अग्रिम कार्यवाही के लिए रिपोर्ट प्रेषित की गई है। बागेश्वर पुलिस द्वारा उपचुनाव के मद्देनजर लगातार चेकिंग की जा रही है।

## पेज एक का शेष...

**..तो भंग कर दी जायेगी...**साथ करने जैसे महत्वपूर्ण फैसले लिए जा सकते हैं, तथापि यह आवश्यक नहीं है कि लोकसभा एवं विधानसभा के चुनाव एक साथ करने के विचार पर, दिसंबर माह में होने वाले पांच राज्यों के चुनाव के समय ही अमल कर लिया जाए। बावजूद इसके राजनीतिक जानकारों का एक तबका जोर देकर यह कह रहा है कि संसद का विशेष सत्र अमूमन किसी दूरगामी राजनीतिक महत्व के एजेंडे को दृष्टिगत रखते हुए ही आयोजित किए जाता है। लिहाजा संसद के विशेष सत्र में लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव एक साथ करने का विधेयक केंद्र सरकार द्वारा पारित कराए जाने की प्रबल संभावना है। दूसरी तरफ कुछ राजनीतिक पंडितों का मानना है कि लोकसभा चुनाव लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव एक साथ कराए जाने संबंधी विधेयक संसद के विशेष सत्र में नहीं आएगा ,क्योंकि इस विषय पर गठित की गई कमेटी पहले इसकी व्यावहारिकता पर विचार कर अपनी रिपोर्ट देगी और कमेटी की रिपोर्ट के बाद ही कोई विधेयक तैयार किया जा सकेगा । देखा जाए तो पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अगुवाई में गठित कमेटी की रिपोर्ट आने के बाद ही ,वन नेशन वन इलेक्शन के मसले पर विधि निर्माण की प्रक्रिया आरंभ होने की संभावना अधिक है,क्योंकि अगर लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव एक साथ कराए जाने का विचार आगामी नवंबर -दिसंबर माह में होने वाले विधानसभा चुनाव के साथ ही अमल में लाया जाता है ,तो इसके लिए सभी राज्यों की विधानसभाओं को भंग करना होगा, तत्पश्चात ही लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव एक साथ करना संभव हो पाएगा । हालांकि संसदीय कार्य मंत्री ने इस तथ्य को पूरी तरह स्पष्ट कर दिया है कि अभी केवल समिति का गठन किया गया है। यह समिति तमाम पहलुओं पर विचार करने के बाद अपनी रिपोर्ट देगी। उसके बाद ही इस पर कोई फैसला लिया जाएगा। मगर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा ही 'अनप्रिडिक्टेबल' रहे हैं और वे सदैव ही कुछ बड़ा करने की फिराक में रहते हैं, लिहाजा हो सकता है कि मोदी आगामी नवंबर दिसंबर माह में होने वाले पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव के साथ ही, लोकसभा एवं शेष अन्य राज्यों की विधानसभा के चुनाव कराई जाने की कराए जाने की घोषणा कर दें और उत्तराखंड सहित सभी राज्यों की विधानसभाओं को भंग करने का क्रांतिकारी फैसला भी ले लें।

**सूर्य मिशन पर निकला....**और चूंकि यह एल1 में है जहां से सूर्य को बेरोकटोक देखा जा सकेगा। हरिकोटा से आदित्य एल-1 को जब लॉन्च किया गया तो उस दौरान श्रीहरिकोटा के व्यूवर्स गैलरी में मौजूद भीड़ ने 'भारत माता की जय' के नारे लगाए। बता दें आदित्य-एल1 के साथ सूरज की स्टडी करने के लिए सात पेलोड्स भी शामिल हैं। इसमें पीएपीए पैलोड की काफी चर्चा है। ये अपने खास नामकरण की वजह से भी लोगों की उत्सुकता का केंद्र है। पीएपीए यानी प्लाज्मा एनालाइजर पैकेज फॉर आदित्य। यह सूरज की गर्म हवाओं में मौजूद इलेक्ट्रॉन्स और भारी आयन की दिशाओं की स्टडी करेगा। कितनी गर्मी है इन हवाओं में इसका पता करेगा। इसके साथ ही चार्ज्ड कणों यानी आयंस के वजन का भी पता करेगा। आदित्य-एल1 अपनी यात्रा की शुरुआत लोअर अर्थ ऑर्बिट से कर चुका है। पीएसएलवी एण्ड एक्सएल रॉकेट कुछ देर में आदित्य-एल1 को उसके लिए तय किए गए एलईओ में छोड़ देगा। यहां से यह धरती के चारों तरफ 16 दिनों तक पांच ऑर्बिट मैन्यूवर करके सीधे धरती की गुरुत्वाकर्षण वाले क्षेत्र यानी स्फेयर ऑफ इंफ्लूएंस से बाहर जाएगा। यहां से आदित्य-एल 1 को हैलो ऑर्बिट में डाला जाएगा. जहां पर एल 1 प्वाइंट होता है। इस यात्रा में इसे 109 दिन लगेंगे. आदित्य-एल1 को दो बड़े ऑर्बिट में जाना है, लिहाजा यह यात्रा बेहद कठिन है।आदित्य-एल1 का वजन 1480.7 किलोग्राम है। लॉन्च के करीब 63 मिनट बाद रॉकेट से आदित्य-एल 1 स्पेसक्राफ्ट अलग हो गया। रॉकेट वैसे तो आदित्य को 25 मिनट में ही तय कक्षा में पहुंचा देगा। यह इस रॉकेट की सबसे लंबी उड़ानों में से एक है। चांद के दक्षिणी ध्रुव पर चंद्रयान 3 की ऐतिहासिक लैंडिंग के बाद भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने एक बार फिर इतिहास रच दिया है। अब लॉन्चिंग के ठीक 125 दिन बाद यह अपने पॉइंट एल 1 तक पहुंचेगा। इस पॉइंट पर पहुंचने के बाद आदित्य एल-1बेहद अहम डेटा भेजना शुरू कर देगा।

**मिलावटी पनीर के दो ...**लोगो को पकड़ लिया। उन्होंने अपना नाम पता निजाम पुत्र बाबू निवासी वीरपुर वरियर उर्फ खरक चंदनपुर इसाईपुर मुरादाबाद उत्तर प्रदेश हाल निवासी लंबाखेड़ा तथा शान मोहम्मद पुत्र सलीम निवासी वीरपुर वरियर उर्फ खरक चंदनपुर इसाईपुर मुरादाबाद बताया। कमरे की तलाशी लेने पर वहां मिलावटी पनीर बनता दिखाई दिया। टीम ने मौके से 50 पैकेट मिल्क पाउडर, 45 पैकेट वनस्पति, 2 बोतल केमिकल , 10 किलो लगभग सूजी तथा चूल्हा, गैस सिलेंडर, डेंग, टब , स्टील की बाल्टी , इलेक्ट्रॉनिक कांटा, कढ़ाई , बड़ी करछी आदि बरामद हुए। मामले की सूचना देने पर अर्पणा साह वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी सितारगंज/ काशीपुर व डॉक्टर प्रकाश फुलारा मौके पर पहुंचे। जिनके द्वारा नकली दूध, पनीर,मिल्क पाउडर,वनस्पति आदि के सैंपल लिए गए। दबिश की जानकारी मिलते ही क्षेत्राधिकारी अनुषा बडौला ने पहुचकर नकली पनीर/दूध व उसको बनाने की सामाग्री व अन्य उपकरणो के देखा। पकड़े गये दोनों अभियुक्तों ने बताया कि तैयार पनीर नगर तथा आस पास के कई दुकानदारों को सप्लाई किया जाता है। कोतवाल विक्रम राठौर ने बताया कि पुलिस आरोपियों को कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की गयी है और जिन डेयरी वालों के नाम प्रकाश में आए हैं उनकी जांच की जायेगी। पुलिस ने दोनों से गहरी पूछताछ के बाद उनके विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया। टीम में कोतवाली से दरोगा उमेश रजवार,हेड कांस्टेबल प्रमोद रावत,अजय रावत,एसआई मनोज धौनी,हेड कांस्टेबल भुवन पांडे, गणेश पांडे, नीरज भोज आदि शामिल रहे।

**होटल में चल रहा था...**मिली है। पुलिस सभी को कोतवाली लाकर उनसे पूछताछ की।सीओ एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग सेल नितिन लोहनी द्वारा सेल इंचार्ज उपनिरीक्षक दीपा जोशी व उनकी टीम को शहर क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित हो रहे स्पा व होटलों के चेकिंग के निर्देश दिए गए थे। उपनिरीक्षक दीपा जोशी प्रभारी एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग सेल द्वारा रामपुर रोड स्थित गायत्री होटल पर चेकिंग के दौरान होटल में चल रहे वेश्यावृत्ति के धंधे का भंडाफोड़ किया एवं वेश्यावृत्ति में लिप्त दो ग्राहक व एक महिला एवं दो होटल संचालकों को गिरफ्तार किया गया। मौके से फरार होटल मालिक की तलाश की जा रही है। इस संबंध में एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग सेल ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पकड़े गए अभियुक्त में चंदन सिंह डसीला निवासी गोलापार काठगोदाम, अमर बाबू निवासी बरेली उत्तर प्रदेश, नारायण राम निवासी चंपावत (होटल मैनेजर), गिरीश चंद निवासी लमगड़ा अल्मोड़ा (होटल मैनेजर) व काठगोदाम निवासी महिला शामिल है। पुलिस टीम में नितिन लोहनी क्षेत्राधिकारी ऑपरेशन एवं एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग सेल, उपनिरीक्षक दीपा जोशी प्रभारी एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग सेल, हेड कांस्टेबल आनंदी सती, महिला कांस्टेबल दीपा सामंत, कानि. मोहन सिंह किरौला, महेंद्र सिंह, लक्ष्मी वर्मा शामिल थे।

**मसूरी गोलीकांड के शहीदों को ....**में ही काम करना हमारा दायित्व है। ये राज्य आंदोलनकारियों की देन है। उस दिन की घटना को याद करते हुए शहीद मदन मोहन ममगाईं की पत्नी शांति ममगाईं ने बताया, दो सितंबर 1994 को उनके बड़े बेटे मंजुल ममगाईं का जन्मदिन था, लेकिन उनके पति ने उनसे कहा कि झूलाघर के पास चल रहे राज्य निर्माण आंदोलन में शामिल होने जा रहे हैं, वहां से लौटकर जन्मदिन मनाएंगे, लेकिन जानकारी मिली कि आंदोलन स्थल पर पुलिस ने गोली चला दी। इसमें मदन मोहन ममगाईं शहीद हो गए। शांति ममगाईं ने कहा, उनके पति और अन्य आंदोलनकारियों ने राज्य की मांग को लेकर शहादत दी। राज्य बना भी, लेकिन जिन अन्य मुद्दों को आंदोलन में उठाया गया था, उनका समाधान आज तक नहीं हो सका। पहाड़ से लगातार पलायन जारी है, बेरोजगारी बढ़ रही है, बाहर के लोग प्रदेश में जमीनें खरीद रहे हैं। इसके कारण भविष्य में उत्तराखंड के लोगों की पहचान खतरे में पड़ जाएगी। शांति ने आगे कहा, सरकार को राज्य के जनहित के मुद्दों पर ठोस पहल करनी चाहिए। गोलीकांड में शहीद राय सिंह बंगारी के बेटे रविराज बंगारी ने बताया कि 29 साल पहले आज के दिन हमारे परिवार को जो दर्द मिला, उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। रविराज ने कहा, राज्य निर्माण के लिए मेरे पिता ने प्राणों का बलिदान दिया। अब हमारी जिम्मेदारी है कि हम राज्य की उन्नति के लिए मिलकर काम करें।

**बरेली से सुराल आया....**शादी लगभग 2 वर्ष पूर्व कृष्णा कॉलोनी ट्रांजिट कैम्प में हुई थी। पुत्र 29 अगस्त को घर से उसे बता कर गया था कि कृष्णा कॉलोनी स्थित अपनी ससुराल जा रहा है। प्रेम शंकर का कहना है जब उसने 31 अगस्त को कॉल की तो पुत्र का फोन बंद जा रहा था। चिंता होने पर उसने उसकी ससुराल फोन किया तो किसी से फोन पर बात नहीं हो पायी। जब लड़के की ससुराल जाकर पता किया तो उन्होंने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया और काफी टालने के बाद बोले कि लड़का 30 अगस्त को ही यहाँ से चला गया है। उसके बाद से उसके पुत्र का कहीं कोई पता नहीं चल सका है। पुलिस ने गुमशुदगी की सूचना दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

**व्यापारियों ने खोला...**वाहनों को चार घंटे के लिए 20 से 50 रुपए तक पार्किंग शुल्क देना होगा। इसी तरह चार पहिया वाहन का पार्किंग शुल्क भी समय के अनुसार कई गुना अधिक निर्धारित किया गया है। निगम द्वारा निर्धारित किए गए पार्किंग शुल्क को लेकर व्यापारियों तथा वाहन स्वामियों में खासा आक्रोश देखा जा रहा है। इसी को लेकर आज व्यापार मंडल से जुड़े दर्जनों व्यापारियों ने निगम प्रशासन के खिलाफ धरना प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की तथा गंभीर आरोप भी लगाए। व्यापारियों ने कहा कि निगम प्रशासन यदि समय रहते अपनी हरकतों से बाज नहीं आता तो उसके खिलाफ बड़ा मोर्चा खोला जाएगा।

**संदिग्ध हालातों में ...**वह मूल रूप से जिला सुल्तानपुर यूपी का रहने वाला था और यहां मजदूरी करता था। पुलिस ने मौत के कारणों का पता लगाने के लिए शव का पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## व्यापारी एसोसिएशनों के साथ चुनाव तैयारियों पर किया मंथन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की महानगर इकाई के होने वाले चुनाव की तैयारियों के मद्देनजर गत सायं चुनाव कमेंटी की मुख्य चुनाव अधिकारी सुरमुख सिंह विर्क की अध्यक्षता में व्यापार मंडल से संबद्ध नगर की समस्त व्यावपारिक एसोसिएशनों के अध्यक्ष व महामंत्रियों की बैठके आयोजित की गई। जिसमें चुनाव हेतु सदस्यता अभियान पर विस्तार से विचार विमर्श किया गया। बैठक में बताया गया कि व्यापारी के लिए सदस्यता शुल्क मात्र एक सौ पचास रूपये निर्धारित किया गया है। सभी सदस्यता केवल सम्बंधित व्यापारिक एसोसिएशन के माध्यम से ही स्वीकार की जायेगी। श्री विर्क ने बताया कि सदस्यता लेने वाले व्यापारी जो जीएसटी देते हैं वह अपना जीएसटी नम्बर तथा जो व्यापारी जीएसटी नहीं देते हैं वह अपने बैंक का खाता नम्बर सदस्यता फार्म में अंकित करेंगे। उन्होंने बताया कि हर व्यापारी को 30 सितम्बर तक सदस्यता लेना अनिवार्य होगा। बैठक में उपस्थित व्यापारियों द्वारा कई सुझाव भी रखे गये। जिस पर गहन विचार विमर्श किया गया। स. विर्क ने सभी व्यापारियों ने चुनाव निष्पक्ष रूप से सम्पन्न कराने में सहयोग की अपील की। बैठक में जसपाल सिंह धमीजा, अशोक छावड़ा, हरीश जल्होत्रा, बलविंदर सिंह विर्क, कंवलजीत सिंह बठला, सुरेन्द्र रज्जी, देवी शंकर टिल्लू, किशन कनोडिया, राकेश डुडेजा, अमित अरोरा, मनजीत सिंह मक्कड़, राजेश डाबर, गौरव सिंघल, विनित जैन, अजय चड्डा, बलराम अग्रवाल, राजेश घीक, असलम सलमानी, बलजीत सिंह, राकेश स्याल, राजेन्द्र खुराना, बॉबी टुटेजा, राकेश सुखीजा, रवि उतनेजा, हिमांशु दुआ, निखिल कालरा, राजीव मिड्ढा, अनीश सुखीजा, अमित आर्या, रमेश गुलाटी, निशांत ढल्ला, सुभाष नारंग, रवि सिडाना, जतिन जुनेजा, अशोक छावड़ा आदि मौजूद थे।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# केन्द्रीय मंत्री के हस्तक्षेप के बाद दरोगा और पत्रकारों के विवाद का हुआ पटाक्षेप

गदरपुर(उद संवाददाता)। गदरपुर में पत्रकारों के साथ दरोगा द्वारा अभद्रता किये जाने के मामले का आखिरकार केन्द्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट के हस्तक्षेप के बाद पटाक्षेप हो गया। मामला अजय भट्ट के संज्ञान में आने के बाद उन्होंने मामले में तत्काल एसएसपी को कार्रवाई के आदेश दिये जिस पर एसएसपी ने सीओ भूपेन्द्र सिंह भंडारी को मामले के पटाक्षेप के लिए निर्देश दिये। सीओ भंडारी ने मामले को लेकर पत्रकारों से वार्ता की जिसके बाद पत्रकारों ने धरना समाप्त कर दिया। बता दें बीते दिनों गदरपुर में कवरेज के लिए थाने पहुंचे पत्रकारों के साथ दरोगा पूरन सिंह तोमर ने अभद्रता करते हुए पत्रकारों को थाने से जाने को कहा था जिससे पत्रकार भड़क गये। मामले को लेकर पत्रकारों ने थानाध्यक्ष से शिकायत की लेकिन थानाध्यक्ष ने भी मामले को गंभीरता से नहीं लिया जिस पर पत्रकारों ने शुक्रवार को थाने के समक्ष धरना शुरू कर दिया। पत्रकार प्रेस परिषद के सदस्यों के साथ हुई अभद्रता के मामले को लेकर शुक्रवार दोपहर को कुमांऊ प्रभारी अशोक गुलाटी ने जिला मुख्यालय पहुंचे केन्द्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट से शिकायत की। जिस पर अजय भट्ट ने मामले को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी को कार्रवाई के आदेश दिये। एसएसपी ने मामले में सीओ भूपेन्द्र सिंह भंडारी को मामले का निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया। मामले में अजय भट्ट के सख्त रूखा के बाद गदरपुर पुलिस में हड़कम्प मच गया। मामले में सीओ भूपेन्द्र सिंह भंडारी ने दोपहर बाद पत्रकारों से वार्ता की और पत्रकारों से हुई अभद्रता को दुर्भाग्यपूर्ण बताया। सीओ की सूझ बूझ से आखिरकार पत्रकारों ने धरना समाप्त कर दिया। धरना समाप्त होने के बाद पत्रकार प्रेस परिषद के सदस्यों की बैठक में कुमांऊ प्रभारी अशोक गुलाटी ने कहा कि पत्रकारों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा कि गदरपुर में पत्रकारों के साथ पुलिस द्वारा की गयी अभद्रता का मामला बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो इसके लिए सभी पत्रकारों को एकजुट होने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि गदरपुर के प्रकरण में पत्रकारों की एकजुटता की वजह से ही पुलिस को आखिरकार झुकना पड़ा। इस अवसर पर परमपाल सुखीजा,मुकेश पाल, विकास तनेजा,गौरव बत्रा,नितिन छाबड़ा , उमर अली, ठाकुर रामपाल सिंह, राकेश अरोड़ा, रिंकू शर्मा, शाहनूर अली, शिवम छाबड़ा, शादाब गुड्डू, दिनेशपुर के पत्रकार ब्रजकिशोर आदि शामिल रहे।







## व्यापार मंडल के भुड्डी पुन: जिलाध्यक्ष हंसपाल महामंत्री और जैन कोषाध्यक्ष बने

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रदेश अध्यक्ष नवीन चंद्र वर्मा ने कुमाऊं मंडल की तीन जिला इकाइयों के पदाधिकारियों की घोषणा कर दी है। प्रदेश महामंत्री प्रकाश मिश्रा और प्रदेश कोषाध्यक्ष राजेश अग्रवाल की संस्तुति पर जनक जोशी को पिथौरागढ़ का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। वहीं जनपद उधमसिंह नगर के लिए राज कुमार भुड्डी जिलाध्यक्ष, निर्मल सिंह हंस पाल जिला महामंत्री तथा विनीत जैन को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया है। इसके अतिरिक्त सुशील साह को जिलाध्यक्ष अल्मोड़ा व भैरव गोस्वामी को जिला महामंत्री अल्मोड़ा नियुक्त किया है। प्रदेश अध्यक्ष नवीन वर्मा ने कहा कि संगठन में जिला कार्य कारिणीयों की भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण है। अपने जिले की नगर इकाइयों को एक सूत्र में बांधे रखते हुए प्रदेश इकाई के साथ सामंजस्य स्थापित करना और व्यापार मंडल की हर गतिविधियों को अपने जिले में लागू कराना होता है।



## डा. दयालशरण की बेटी शैली शरण बनेगी जज

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। पुलिस के अपराध अनुसंधान विभाग फारेंसिक में संयुक्त निदेशक डा.दयाल शरण की होनहार सुपुत्री काठगोदाम हल्द्वानी निवासी शैली शरण ने लोकसेवा आयोग उत्तर प्रदेश की ओर से आयोजित पीसीएस (जे) की परीक्षा में 52वीं रैंक प्राप्त कर राज्य का मान बढ़ाया है। इनके चयन से स्वजनों, गुरुजनों में खुशी का माहौल है। शैली शरण शरण ने बेंगलुरु स्थित नेशनल ला स्कूल आफ इंडिया यूनिवर्सिटी से एलएलएम किया। इनके पिता डा. दयालशरण पुलिस के अपराध अनुसंधान विभाग फारेंसिक में संयुक्त निदेशक व मां डा. रेनू शरण उत्तराखंड सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग में सदस्य है। शैली ने अपनी सफलता का श्रेय गुरुजन डा. सुरेंद्र दहिया, डा. जितेंद्र ढुल व यूनिटी ला कालेज के प्रधानाचार्य डा. योगेश राठौर तथा माता-पिता को दिया है। शैली के पिता डा. दयाल शरण ने बताया कि शैली की बचपन से ही शिक्षा के प्रति हमेशा समर्पित रही है। उन्होंने बताया कि उसका शुरू से ही यह उद्देश्य रहा था कि बड़ी होकर समाज के प्रति अपने दायित्वों का बेहतर ढंग से निर्वहन करूं। आज उसका एक उद्देश्य पूरा हुआ। अब भविष्य में बेटी शैली अपने कर्तव्यों के पालन से समाज का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करेंगी इसका सारे परिवार को पूरा विश्वास है। शैली की इस सफलता से परिवार में खुशी का माहौल बना हुआ है। लोग शैली व परिजनों को बधाई दे रहे है।



गुरू मां
उत्तराखंड की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेल चेन
SONY Whirlpool SAMSUNG IFB Haier BOSCH VOLTAS
DAIKIN HITACHI MITSUBISHI ELECTRIC GENERAL LLOYD BLUE STAR
गर्मियों में ठंड जैसी राहत
गुरू मां
36 महीने तक की EMI उपलब्ध
Budget Ac
Premium Split Ac
Mid-Range Split Ac
Heavy-Duty Split Ac
Refrigerator की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Deep Freezer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
RO Purifier की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Water Dispencer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Air Cooler की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Easy EMI Options Available
GURU MAA ENTERPRISES
RUDRAPUR- Civil Line +91-9927882338, Kashipur Bypass +91-9690282777 , Kashipur Bypass +91-9756233166 , Sony Center +91-9917170230 KASHIPUR- Ramnagar Road +91 8791989500, Cheema Chauraha +91 9927813555 HALDWANI- Tikonia +91-9997207007, Pilikothi +91-8923468434, Pilikothi +91-9690256666, HARIDWAR- Haridwar +91-9761699704 MORADABAD- Moradabad +91-7500839146, GADARPUR- Near Super Market +91-9927850999, KICHHA- Kichha +91-7017595920, LOHAGHAT- Daak Bangla Road +91-9568035735 DEHRADUN- Kaluagarh Road +91-8394949454 PANIPAT- West Market Opp. Central Bank +91-8607964000 KARNAL-Mangal Singh Market +91-8684077000 , 49 Ram Nagar +91-8908350000
सेल्स एवं सर्विस हेतु कॉल करें - 8791989500, 9927882338